खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 | 18 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा: योगी पेज 2



ऑरेंज कैप की दौड़ में समीर रिजवी सबसे आगे खेल टाइम्स



राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय सम्पादकीय



युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमी: ईरान पेज 12

# ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव, हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत

तेहरान, वार्ता



■ अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने से किया इन्कार

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है।

इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर से पेश किए गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजरायल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज स्ट्रेट के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान 'अपनी पूरी ताकत' से अपने देश की रक्षा करेगा।

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर इजरायल का हमला

■ ट्रम्प ने यहां अटैक करने से मना किया था, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास धमाका

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले इजरायल ने 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड पर हमला किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। तब ट्रम्प ने ये भी कहा था कि इस तरह के और हमले नहीं होने चाहिए। वहीं सोमवार को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाज सुनी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल के हमले बढ़े, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा।

### हमले में IRGC के खुफिया एजेंसी के प्रमुख की मौत

**तेहरान।** आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मेजर जनरल मजीद खादमी की अमेरिका-इजरायल के हमले में मौत हो गई है। आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मजीद खादमी की सोमवार सुबह अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विस की सुरक्षा में चूक, बैरियर तोड़कर घुसी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला सरबजीत है।

### दो जहाज जल्द 60 हजार टन एलपीजी लेकर पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए राहत की खबर है। सरकार ने बताया कि एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और जल्द भारत पहुंचेंगे। इन जहाजों के नाम ग्रीन सान्वी और ग्रीन आशा हैं। इनमें कुल मिलाकर 60 हजार टन से ज्यादा गैस है। ग्रीन सान्वी 7 अप्रैल और ग्रीन आशा 9 अप्रैल तक भारत पहुंच सकते हैं। सरकार के मुताबिक, दोनों जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनमें भारतीय नाविक भी सवार हैं। एक जहाज में करीब 46 हजार टन और दूसरे में लगभग 15 हजार टन गैस है।

### ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**मास्को।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकान हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल और कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

# बंगाल SIR: सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समयसीमा

### ट्रिब्यूनल को भी निर्देश जारी किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है।

शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

### मालदा घटना: हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच एनआईए को सौंप दी है।

### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और अन्य को सुप्रीम नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है। 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी।



# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 190 से अधिक सांसदों ने किए थे हस्ताक्षर
■ इतिहास में पहली बार आया था सीईसी को हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लाया गया महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। 190 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव को 6 अप्रैल 2026 को राज्यसभा के सभापति द्वारा खारिज किया गया। विपक्ष ने उन पर मतदाता सूची में हेरफेर और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए थे।

टीएमसी के नेतृत्व में विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिया था, लेकिन यह बजट सत्र में आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से नाम हटाने, चुनावी प्रक्रिया में पक्षपात और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। सीईसी को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान महाभियोग की कठिन प्रक्रिया (विशेष बहुमत) की आवश्यकता होती है, जो भारत में अब तक किसी सीईसी के खिलाफ नहीं हुई। यह भारत के संसदीय इतिहास में किसी सेवारत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की पहली कोशिश थी। सूत्रों के मुताबिक इस पहल की शुरुआत टीएमसी ने की थी। पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए सहमत किया। इससे पहले टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने कहा था कि उनकी पार्टी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को संदेह के दायरे में डाल दिया गया है। राय का दावा था कि करीब 59 लाख मतदाताओं को एडजुडिकेशन लिस्ट में रखा गया है जो बेहद बड़ी संख्या है और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल रहे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली थी।

### उप्र में RO व ARO परीक्षा का परिणाम घोषित, 419 सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 419 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिनमें 338 समीक्षा अधिकारी तथा 81 सहायक समीक्षा अधिकारी शामिल हैं। परिणाम के अनुसार अनिल पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य प्रताप सिंह दूसरे तथा लक्ष्मी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# बागपत में तोतों के तीन तस्कर अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता



■ आरोपियों से 170 दुर्लभ तोते बरामद

**बागपत।** पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में तीन को फांसी की सजा सुनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोर्ट ने अधिवक्ता के दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सनसनीखेज कांड अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण हत्या और लाश को छुपाने के मामले में अदालत ने एक एतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि इस कांड के सहयोगी नौकर को सात वर्ष की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने इसमें दस लाख रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीडित परिवार ने कोर्ट का शुक्रिया ही नहीं किया, राहत की सांस भी ली है।

बता दे कि 15 अक्टूबर 2019 को अधिवक्ता समीर सैफी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। काफी समय बाद भी जब समीर सैफी घर नहीं लौटे, तो परिवार की चिंता ने उन्हें थाने तक पहुंचा दिया था। अधिवक्ता के संबंध में नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जहां परिवार के लोग पुलिस समीर सैफी की तलाश में जुट गए थे। 19 अक्टूबर को अधिवक्ता समीर सैफी का शव भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के जंगल में दबा हुआ मिला था। अधिवक्ता का शव मिलने के बाद यह मामला पूरी तरह सनसनीखेज बन गया था और इस मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया था कि यह मामला 45 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो सामने आया कि पहले समीर का अपहरण किया गया और कार में बैठाकर उनको सीकरी स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को मिट्टी में दबा दिया था, यानी कि मुल्जिमों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी, लेकिन आरोपी ज्यादा दिन तक कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ रिजवान पुत्र अजहर खान निवासी गढ़ी गौरवान बकरा मार्किट, सिंगौर अल्वी पुत्र मुंतकी अल्वी व शालू उर्फ अरबाज पुत्र मशकूर खान निवासीगण गढ़ीगौरवान बकरा मार्किट थाना शहर कोतवाली आदि को जेल भेज दिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के यहां विचाराधीन था। इस मामले में नौकर दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा का रोल लाश छिपाने में दिखा गया था। यह गिरफ्तारी 20 अक्टूबर 2019 में की गई थी।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्र प्रथम का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने की जरूरत: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया।

श्री नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के संकल्प को दोहराया और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी के रूप में खड़ी है, जो लोगों की भलाई को अपने दृष्टिकोण के केंद्र में रखती है। यह केंद्र और विभिन्न राज्यों में हमारे काम में भी झलकता है। भाजपा एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता रहे और भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बारिश के कारण भूस्खलन और चटानों से पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सोमवार तड़के यातायात रोक दिया गया। इससे सैकड़ों गाड़ियां फंस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार आज सुबह करीब 3 बजे रामबन जिले में करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच सुरंगों में भूस्खलन और भारी पत्थर की घटना हुई, जिसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर और श्रीनगर से जम्मू आने वाली सभी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया गया है और फिलहाल किसी भी तरह की आवाजाही की अनुमति नहीं थी। संबंधित विभाग की टीमें सड़क को ठीक करने के लिए मौके पर हैं, लेकिन लगातार पत्थर गिरने के कारण काम पर असर पड़ रहा है। ट्रैफिक अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वे गैर-जरूरी यात्रा न करें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को दोहराते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पार्टी से जुड़े नेताओं ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन की यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों को याद किया। अपने संदेश में चौधरी ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा का उद्देश्य हमेशा राष्ट्रसेवा रहा है।

### कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी है: राहुल

# श्रमिकों के लिए रसोई गैस हो गई पहुंच से बाहर

**नई दिल्ली, वार्ता**



- रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए पैसे नहीं
- कूटनीति की मेज पर हुई चूक को स्वीकार नहीं कर रही सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी।

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मोदी जी ने कहा था - एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर। हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो। उन्होंने कहा कि जो मजदूर कपघ मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। विनिर्माण क्षेत्र दम तोड़ रहा है। गांधी ने इस संकट की वजह बताते हुए कहा और यह संकट आया कहां से। कूटनीति की मेज पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती। जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है, मजदूर पलायन करते हैं, उद्योग बर्बाद होते हैं और देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है। उन्होंने संकट के समय लोगों को चुप नहीं रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सवाल एक ही है कि हर संकट में सबसे पहले गरीब क्यों मरता है। चुप मत रहो। यह सिर्फ गरीब का नहीं, हम सबका सवाल है।

### पुड्डुचेरी के बेरोजगार युवकों को मिलेंगे दो हजार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पुडुचेरी में एक जनसभा को संबोधित किया और पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। गांधी ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के हित में कई अहम वादों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी। इसके साथ उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में 30 हजार नए रोजगार सृजित करने और महिलाओं को राहत के तौर पर पुड्डुचेरी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का वादा किया। वहीं सरकारी नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 40 वर्ष करने की भी घोषणा की गई है।

### पुड्डुचेरी का शासन स्थानीय लोग चलाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुड्डुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का वादा करते हुए कहा है कि वहां जनहित का शासन होना जरूरी है और इसके लिए शासन स्थानीय जनता द्वारा ही चलाया जाना चाहिए। गांधी ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि पुड्डुचेरी का शासन वहां की जनता द्वारा चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि पुड्डुचेरी में अगर कांग्रेस गठबंधन सरकार बनती है, तो वह जनहितकारी होने के वादों पर आधारित होगी।

## सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा

**गोरखपुर, वार्ता**



- बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। अंत्योदय से राष्ट्रोद के संकल्प की सिद्धि की है। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए योगी ने कहा कि विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। भाजपा इंडिया मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिचित एक जीवंत विचार परंपरा है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत यह राष्ट्रवादी परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ 145 करोड़ देश वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है। भाजपा की यह विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है।

## यूपी में आज से नौ अप्रैल तक आंधी, बारिश व ओलों का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि आठ अप्रैल को तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जबकि इसके बाद फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने की सलाह दी है।

## शराब नीति केस: अब 13 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली, वार्ता**



- केजरीवाल समेत 23 बरी के खिलाफ हाई कोर्ट में है याचिका

दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो खुद अपनी दलील पेश करेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल की उस अर्जी को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता को सुनवाई से हटाने की मांग की है। अब अगली सुनवाई 13 अप्रैल को 2.30 बजे होगी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता से मामले की सुनवाई से हटने की अपील की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील रखी। उन्होंने केजरीवाल की एप्लिकेशन का विरोध किया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जज को हटाने के लिए कोर्ट में रिक्यूजल (सुनवाई से हटने) एप्लिकेशन फाइल की हैं। सॉलिसीटर जनरल ने उन्हें टोका और कहा कि ये हमारी एप्लिकेशन है। तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोगों ने आरोप लगाना अपना कैरियर बना लिया है। उन्होंने कहा कि इनके वकील मौजूद हैं, अगर खुद ही बात रखनी है, तो वकील क्यों हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 7 लोगों ने इस तरह की एप्लिकेशन दायर की है। धीरे-धीरे सभी आएंगे। उनको कोर्ट पर भरोसा नहीं है? उन्होंने एप्लिकेशन को रिजेक्ट किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने नियमों के तहत एप्लिकेशन फाइल की है और वो जिरह के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वो इस आवेदन पर खुद जिरह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने किसी को वकालतनामा नहीं दिया है। कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा कि क्या आप अपने केस की जिरह खुद करेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि वो खुद बहस करेंगे। तुषार मेहता ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। देश की राजधानी में न्यायपालिका पर आरोप लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जो लोग इस मामले में जज को सुनवाई से हटने के लिए अर्जी दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने दें। कोर्ट ने कहा कि ये मामला कोर्ट के सामने नहीं आया था। तुषार मेहता ने कहा कि हम अपना जवाब मंगलवार को पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप कोर्ट की अवहेलना है। केजरीवाल की जज बदलने की याचिका पर कोर्ट सोमवार को दोपहर 2:30 बजे सुनवाई करेगी।

### इलाज खर्च में सरकार करेगी भरपूर मदद

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें और इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया और कहा कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अधिका. रियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74106.85
निफ्टी 22968.25



सोना 148000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

- एक प्रतिशत से अधिक चढ़े प्रमुख सूचकांक



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए।

बीएसई का संसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 591अंक लुढ़कने के बाद दोपहर बाद हुई लिवाली से 787.30 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106.85 अंक पर रहा। यह 25 मार्च के बाद पहली बार 74 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त में 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी 25 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। रुपये में जारी तेजी और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के सकारात्मक आंकड़े आने से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.29 फीसदी ऊपर रहा। तेल एवं गैस और मीडिया समूहों को छोड़कर सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। बैंकिंग, वित्त, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, धातु, एफएमसीजी और आईटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में कुल 3,346 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,511 के शेयर बढ़त में और 746 के नुकसान में बंद हुए। अन्य 89 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 3.94 फीसदी, टाइटन का 3.58, एलएंडटी का 3.19, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.06, बजाज फाइनेंस का 2.93, इंडिगो का 2.75, एचडीएफसी बैंक का 2.68 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.83 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.71, बीईएल का 1.35, भारतीय स्टेट बैंक का 1.29, आईसीआईसीआई बैंक का 1.25 और टाटा स्टील का 1.06 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### सोना 1.48 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.31 लाख प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,283 रुपए बढ़कर 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 3 अप्रैल को इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी 3,215 रुपए बढ़कर 2.31 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.28 लाख रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 14,696 रुपए और चांदी 608 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

## चावल मजबूत, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही, जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा।

दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश स्थिर रहा। आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गई। चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 4,812 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 68. 94 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 28 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये गिर गई। मूंगफली तेल 14 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत पांच रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7680.27 रुपये, मसूर काली 8071.11 रुपये, मूंग दाल 10154.82 रुपये, उड़द दाल 10792.06 रुपये, तुअर दाल 11265.18 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.56 रुपये और चावल 3855.55 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3271.92 रुपये प्रति क्विटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- दिव्यास्त्र एमके-1 दस हजार फिट उड़ान भर सकता है

**लखनऊ।** कभी अवैध हथियारों और 'तमंचों' के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश अब तेजी से अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की बानगी राजधानी लखनऊ में देखने को मिली है, जहां एक निजी स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित कर नई दिशा दी है।

तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नामक एडवांस यूएवी तैयार किया है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। दिव्यास्त्र एमके-1 की प्रमुख विशेषताओं में 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम शामिल हैं। यह ड्रोन 10,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और करीब 15 किलोग्राम पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के लिहाज से भी यह बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में किफायती बताया जा रहा है। स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार प्रदेश में बेहतर नीतियों और यूपी डिफेंस कॉरिडोर जैसी पहल के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है। कंपनी अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। कंपनी भविष्य में 'एमके-2' वर्जन पर काम कर रही है, जिसकी संभावित रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां प्रति माह 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कंपनी ने विभिन्न उपयोगों के लिए कई ड्रोन विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए 'आंख' ड्रोन, 20 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला 'बाज' ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, वीटीओएल यूएवी (बिना रनवे के उड़ान भरने वाले) शामिल हैं।

## सेवा क्षेत्र में मार्च में बरकरार रही तेजी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बावजूद इस साल मार्च में सेवा क्षेत्र की तेजी बरकरार रही। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी भारत सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में एक ओर जहां नए कारोबार और सेवा गतिविधियों के विस्तार की गति जनवरी 2025 के बाद के निचले स्तर पर दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर विदेशों से मिले ऑर्डर में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी तेजी रही।मार्च में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 57.5 दर्ज किया गया, जो फरवरी के 58.1 से कम है। लगातार दूसरे महीने गिरने के बावजूद यह मजबूत विस्तार दिखाता है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और इससे कम रहना गिरावट दिखाता है। वहीं 50 स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मार्च में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें विदेशों से मिले नए ऑर्डरों में साल 2024 के मध्य के बाद की सबसे बड़ी तेजी का बड़ा योगदान रहा। भविष्य को लेकर सेवा प्रदाताओं की उम्मीद सकारात्मक है। लागत की मुद्रास्फीति में हालांकि साल 2022 के बाद सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है, जो ईंधन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कारोबारी गतिविधियों की बात करें, तो इसमें 14 महीने की सबसे सुस्त वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया संकट का असर उत्पादन पर देखने को मिला है, क्योंकि इससे मांग, बाजार की परिस्थिति और पर्यटन प्रभावित हुआ है।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कैम्प लगाकर किसानों का पंजीकरण होगा

**लखनऊ।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। निर्देश दिए गए हैं कि शि. विरों के माध्यम से शेष कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और नाम या अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका तय की गई है, ताकि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी दी जाए और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाया जाए। प्रदेश में अब तक 1,72,06,355 किसानों को पीएम किसान योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है, हालांकि अभी भी बड़ी संख्या में किसान पंजीकरण से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, बल्कि भविष्य में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी भी आएगी।

# पहाड़ से मैदान तक बदला मौसम

■ देहरादून में बारिश ने बढ़ाई ठंडक, औली में हुई बर्फबारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में दोपहर बाद पहाड़ से मैदान तक मौसम ने करवट बदली। राजधानी देहरादून में बारिश ने ठंडक बढ़ाई तो वहीं औली में बर्फबारी देख पर्यटकों के चेहरे खिल गए।

बता दें कि आज पर्वतीय इलाकों में बिजली चमकने के साथ तेज तूफान चलने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय इलाकों में बिजली चमकने और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 3300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी का भी अनुमान है।

हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 10 अप्रैल तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। जिसके चलते मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिलेगी। उधर रविवार को भी पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों का तापमान सामान्य के आसपास रहा।



### तापमान गिरने की संभावना

आगामी शनिवार और रविवार को भी मौसम ऐसी ही स्थिति की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 1 से 2 दिन में उत्तराखंड में अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। उसके अगले 2 से 3 दिन में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

मैदानों में जहां एक ओर उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मी बढ़ रही है, वहीं उत्तराखंड में अप्रैल के महीने में बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने उत्तराखंड में रविवार 12 अप्रैल तक बारिश का पूर्वानुमान लगाया है. मंगलवार 7 अप्रैल और बुधवार 8 अप्रैल को पूरे प्रदेश में ही बारिश होगी. इसलिए इन दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ समेत सभी जिलों में बारिश होगी।

इन जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश बादलों की गर्जना के साथ होगी। इन जिलों में 3300 मीटर और उससे ऊंचे स्थानों पर बर्फबारी होगी. राज्य के शेष 8 जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। अन्य पहाड़ी जिलों में भी 3300 मीटर और उससे ऊंचे स्थानों पर बारिश होगी. मौसम विभाग ने 7 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं बुधवार को भी राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। राज्य के शेष जिलों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी।

पहाड़ी जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होगी। बुधवार को भी मौसम का ऑरेंज अलर्ट रहेगा. गुरुवार को राज्य के 5 पहाड़ी जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी. राज्य के शेष पहाड़ी जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश होगी। इस दौरान 3300 मीटर और इससे ऊंचाई पर बर्फ गिरेगी. राज्य के मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। शुक्रवार को बारिश दायरा सिमटेगा. इस दिन सिर्फ 5 पहाड़ी जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश होगी. इन दिन बर्फबारी का लेवल भी ऊंचाई पर जाकर 3700 मीटर और इससे ज्यादा रहेगा. बाकी जिलों में बारिश नहीं होगी।

## ऋषिकेश में सी-प्लेन की सफल ट्रायल लैंडिंग

**ऋषिकेश।** गंगा बैराज पर आज उस समय ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब एक प्राइवेट कंपनी द्वारा सी-प्लेन की सफल ट्रायल लैंडिंग की गई। यह पहल राज्य में हवाई कनेक्टिविटी और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार लगातार राज्य में आधुनिक परिवहन सुविधाओं को बढ़ावा दे रही है। सीएम धामी की दूरदर्शी सोच और प्रयासों का ही परिणाम है कि आज ऋषिकेश जैसे धार्मिक और पर्यटन केंद्र में सी-प्लेन सेवा की संभावनाएं साकार होती नजर आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सी-प्लेन सेवा शुरू होने से चारधाम यात्रा, एडवेंचर टूरिज्म और वीकेंड ट्रैवल को बड़ा बूस्ट मिलेगा। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक अब कम समय में सीधे ऋषिकेश और आसपास के प्रमुख स्थलों तक पहुंच सकेंगे, जिससे स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सरकार की योजना है कि भविष्य में इस सेवा को टिहरी झील, नैनीताल झील और अन्य जलाशयों तक भी विस्तार दिया जाए, जिससे उत्तराखंड देश का प्रमुख सी-प्लेन डेस्टिनेशन बन सके।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तराखंड को एक मॉडल राज्य के रूप में करें स्थापित: कौशिक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य को एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करें। उन्होंने कहा कि विश्व में सर्वाधिक आपदा झेलने वाले देश की तर्ज पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश को आपदा प्रबंधन में सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

सोमवार को विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में प्रदेश के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने आपदा से पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद विभाग द्वारा किये जाने वाले क्रिया-कलापों की विस्तार से जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विभागीय मंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कम्युनिकेशन सिस्टम को बेहतर बनाया जाए ताकि सूचनाओं के आदान-प्रदान की कार्यवाही तेजी से हो सके तथा आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधियों, सदस्यों एवं अधिकारियों को सूचनाओं के आदान-प्रदान से संबंधित उपकरण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि कोई आपदा घटित होन पर वे शीघ्रता से इसकी जानकारी जिला मुख्यालय एवं प्रदेश मुख्यालय को दे सकें।



■ प्रदेश के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री ने की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

मंत्री ने कहा कि किसी आपदा के घटित होने पर राहत एवं बचाव कार्य शीघ्रता से हो सके इसके लिए जरूरी है कि न्याय पंचायत स्तर पर आपदा मित्र एवं आपदा सखी बनाये जाएं। आपदा मित्र एवं आपदा सखी को राहत एवं बचाव कार्य संबंधी उचित प्रशिक्षण देने के साथ ही आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाएं। साथ ही आपदा मित्र एवं आपदा सखी के लिए प्रोत्साहन राशि की भी व्यवस्था की जाए।

मंत्री ने कहा कि आपदाओं के पूर्वानुमान की दिशा में बेहतर कार्य किये जाएं ताकि आपदाओं से होने वाले नुकसान कम से कम किया जा सके। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐसी संवेदनशील झीलें जिनसे भविष्य में आपदा की संभावना है उनके ट्रीटमेंट के लिए वाडिया हिमालय भू विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों से वार्तालाप करें ताकि इस दिशा में कार्य हो सके। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग से सचिव विनोद कुमार सुमन, संयुक्त सचिव एनएस डुंगरियाल, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूएसडीएमए मो ओबैदुल्लाह अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# सीएम ने मदननेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी पर जताया आभार

■ सिविल सेक्टर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही किया जाएगा प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के मदननेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मदन नेगी, टिहरी गढ़वाल में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। यह विद्यालय सिविल सेक्टर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से मदननेगी एवं आसपास के क्षेत्र में नोनीहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है।

नए केन्द्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक कक्षा में एक सेक्शन) किया जाएगा, जिसे आवश्यकता एवं स्वीकृति के अनुसार आगामी वर्षों में क्रमिक रूप से विस्तारित किया जाएगा।साथ ही प्रवेश प्रक्रिया सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के 30 दिनों के भीतर प्रारंभ कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि यह निर्णय भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति के क्रम में लिया गया है, जिसके तहत देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हैं। मदननेगी, टिहरी गढ़वाल स्थित यह विद्यालय उन्हीं स्वीकृत विद्यालयों में शामिल है।

## सचिव वित्त से मिला उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल

**देहरादून।** सचिव वित्त से एसोसिएशन ने अपनी मांगो के संबंध में वार्ता के पश्चात् आन्दोलन वापस लिये जाने का लिया गया निर्णय। सचिव वित्त दिलीप जावलकर से सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी के नेतृत्व में भेंट कर अपनी लम्बित मांगों के संबंध में विस्तृत वार्ता की। वार्ता के दौरान सचिव वित्त द्वारा एसोसिएशन की दो मांगों - राज्य कर मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों के नये प्रस्तावित ढांचे की स्वीकृति तथा राज्य कर अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन पर सकारात्मक सहमति प्रदान की गई।इस अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री इन्द्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष उमेश सिंह बिष्ट, संयुक्त मंत्री रविन्द्र कुमार सैनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने 27 में हैट्रिक प्रण के साथ मनाया पार्टी स्थापना दिवस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने 27 में जीत की हैट्रिक के प्रण के साथ अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस अत्याचारी और षड्यंत्रकारी विपक्षी माहौल के मध्य भी हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं, उसके सामने तो आज की झूठ और भ्रम की राजनीति कुछ भी नही है।

पार्टी प्रदेश कार्यालय में हुए मुख्य समारोह में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की उपस्थित में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस 47वे स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी ध्वज फहराया गया और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी । उद्घोष और मिष्ठान वितरित करने के साथ सभी वक्ताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन के सफर की विस्तार से चर्चा की।




■ अत्याचारी और षड्यंत्रकारी राजनीति का सामना कर हम बने हैं सबसे बड़ी पार्टी
■ वर्तमान झूठ, प्रपंच की राजनीति पार्टी द्वारा सहे अत्याचारियों के सामने कुछ भी नहीं

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सर्वप्रथम संगठन निर्माण में बलिदानी और तपस्वी कार्यकर्ताओं को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अनगिनत कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण से ही 1952 में दो सीट से शुरू हमारा सफर आज लगातार तीन बार केंद्र की सरकार बनाने के साथ निरंतर जारी है। पार्टी और देश को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं ने अतुलनीय प्रताड़ना सही है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तो कश्मीर को देश से जोड़े रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आपातकालीन में जब हम उतनी बड़ी राजनीतिक ताकत भी नहीं थे,तब भी लोकतंत्र की आजादी के लिए हमारे हजारों कार्यकर्ताओं ने यातनाएं झेली। देश के विकास और संस्कृति के संरक्षण के लिए हमारी सरकारें प्रतिबद्धता से काम कर रही हैं। उत्तराखंड में भी बद्रीनाथ, केदारनाथ समेत अनेकों धार्मिक स्थलों का विकास और पुनरोद्धार भी हमारी राष्ट्रवादी संस्कृति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह की अत्याचारी एवं षड्यंत्रकारी राजनीति का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, वर्तमान परिस्थितियां तो कुछ भी नही हैं। आज विपक्ष लाख झूठ और भ्रम फैलाए, लेकिन भाजपा के संकल्प और समर्पण को तोड़ नहीं सकता है। हम सभी इस स्थापना दिवस में प्रण ले रहे हैं कि अगला स्थापना दिवस 27 के चुनावों में हैट्रिक के साथ मनाएंगे इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थापना दिवस हम सबके लिए बहुत गर्व का विषय है, जिससे हमे नई ऊर्जा सृजित कर देश समाज को आगे बढ़ाने में जुटना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, टिहरी सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री खजान दास, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल, महापौर सौरभ थपलियाल, विधायक उमेश काऊ, सरकार में दायित्वधारी विनोद सुयाल, हेमराज बिष्ट, सुभाष बड़थ्वाल, गीता राम गौड़, शादाब शम्स, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, नेहा जोशी, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, कमलेश रमन, हनी पाठक सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड में पर्याप्त एलपीजी आपूर्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** डिविजनल रिटेल सेल्स हेड, आईओसीएल-उत्तराखंड, राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख क्षेत्रों में एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने और आवश्यक न होने पर वितरकों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पीआईबी देहरादून में आईओसीएल उत्तराखंड के राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग ने एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता, तथा गलत सूचना का मुकाबला करने के उपाय को लेकर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि डायवर्जन रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी 2026 में 53 प्रतिशत से बढ़कर कल 90 प्रतिशत हो गई। मार्च 2026 से अब तक 3.6 लाख कनेक्शनों में गैस कनेक्शन स्थापित होने और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण के साथ पीएनजी के विस्तार में गति है। गुप्ता ने बताया है कि भारत अपनी कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की लगभग 80 फीसदी जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। तेल कंपनियां केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं, और पूरी स्थिति पर नजदीकी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार की कमी न हो। आईओसीएल, उत्तराखंड की तरफ से बताया गया कि चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती खपत को लेकर केंद्र सरकार को राज्य की तरफ मांग भेजी जा रही है। डिलीवरी का समय शहरी क्षेत्रों में लगभग 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 दिन है। गैर-घरेलू आपूर्ति में अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, होटल/ढाबों, औद्योगिक कैंटीनों और फार्मा क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा रही है। फिलहाल प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रतिदिन लगभग 5,000 सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।



■ पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख क्षेत्रों के बारे में डिविजनल रिटेल सेल्स हेड, आईओसीएल- उत्तराखंड कृष्ण गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर दी गैस बुकिंग और आपूर्ति को लेकर जानकारी

### अब तक 5681 निरीक्षण और 301 छापे

उत्तराखंड में निगरानी और अनुपालन के तहत नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जा सके। अब तक 5,681 निरीक्षण और 301 छापे मारे गए हैं, जिनके परिणामस्वरूप 16 एफआईआर दर्ज की गईं, 7 गिरफ्तारियां हुईं और 16 नोटिस जारी किए गए। राज्य में वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए पेट्रोल पंपों और एलपीजी वितरकों पर नियमित जांच की जा रही है। अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किए जा रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों द्वारा 130 एलपीजी निरीक्षण और 259 रिटेल आउटलेट निरीक्षण किए गए हैं।

# मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में लिया एलपीजी गैस वितरण की स्थिति का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में एलपीजी गैस वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग एवं तेल कंपनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक को लगातार गैस एजेंसियों और वितरकों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बैकलॉग खत्म करने के लिए आपूर्ति बढ़ाये आने पर भी जोर दिया। उन्होंने चारधाम यात्रा के लिए कमर्शियल गैस आपूर्ति बढ़ाये जाने के लिए केंद्र सरकार से बात किये जाने के निर्देश दिए।



■ जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

मुख्य सचिव ने खतौनी में अंश निर्धारण के कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार नैनीताल एवं कुछ और मैदानी जनपदों को अंश निर्धारण में तेजी लाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए सभी जिलाधिकारियों को तेजी लाए जाने की बात भी कही।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कुंभ - 2027 की तैयारियों पर भी चर्चा की।

उन्होंने सभी आवश्यक जीओ शीघ्र जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियोजन विभाग को निर्देश दिए कि जिन कार्यों की टीएसी एवं ईएफसी होनी हैं, शीघ्र करवा ली जाए।

# रिटायर्ड ब्रिगेडियर हत्याकांड में 10वां हत्यारोपी गिरफ्तार

■ हत्याकांड के सभी आरोपियों का लिया गया रिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजपुर थाना क्षेत्र के जोहड़ी गांव में मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश कुमार जोशी की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने अंतिम फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस बड़ी सफलता के साथ ही इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी 10 आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ हत्या की धाराओं में माननीय न्यायालय से रिमांड हासिल कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 30 मार्च की सुबह जोहड़ी गांव में मॉर्निंग वॉक कर रहे मुकेश कुमार जोशी की गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई की और पूर्व में ही घटना में शामिल 9 अभियुक्तों को जेल भेज दिया था। हत्याकांड में शामिल एक अन्य मुख्य आरोपी वैभव कुमार घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीमें लगातार उसकी सुरागरसी में जुटी थीं। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर वैभव कुमार को राजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त वैभव कुमार पुत्र दीपक कुमार, ग्राम देवधर, थाना खिजराबाद, जिला यमुनानगर (हरियाणा) का निवासी है।पुलिस का कहना है कि सभी 10 अभियुक्तों का हत्या की धाराओं में ही रिमांड लिया गया है, जिससे आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी शिकंजा कसा जा सके। मामले की विस्तृत जाँच और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया जारी है।

# लोककला ऐपण से ज्योति जोशी महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पहचान उसकी समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं से है। इन्हीं परंपराओं में से एक है कुमाऊँ अंचल की विशिष्ट लोककला ऐपण, जो कभी केवल घरों की देहरी और पूजा स्थलों तक सीमित थी। आज यह कला आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बन रही है।

अल्मोड़ा जनपद की निवासी और वर्तमान में देहरादून में रह रहीं ज्योति जोशी इस परिवर्तन की जीवंत मिसाल हैं। देहरादून के परेड ग्राउंड में चल रहे दून पुस्तक महोत्सव में बाल मंडप में बच्चों के लिए ऐपण की वर्कशॉप आयोजित करने के दौरान शाह टाइम्स से बातचीत करते हुए ज्योति जोशी ने बताया कि उन्होंने अपनी

प्रारंभिक शिक्षा पिथौरागढ़ से पूर्ण की तथा समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की शिक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने बी.एस. नेगी महिला पॉलिटेक्निक, कौलागढ़, देहरादून से फैशन डिजाइनिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा किया। बचपन से ही दादी और माँ को घरों में ऐपण बनाते देखने से इस लोककला के प्रति उनका विशेष लगाव विकसित हुआ।



■ लोककला ऐपण को बनाया आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार व महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम

कोविड के बाद बीते छहख्रसात वर्षों से ज्योति जोशी ने लोककला ऐपण को संरक्षित करने और उसे स्वरोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया। छोटे स्तर पर घर से शुरू किया गया यह प्रयास आज एक सशक्त पहचान बन चुका है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं, स्कूलों, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ऐपण कला का प्रशिक्षण देकर न केवल इस परंपरा को आगे बढ़ाया, बल्कि अनेक परिवारों के लिए आय का नया स्रोत भी तैयार किया। ज्योति जोशी द्वारा तैयार किए गए ऐपण आधारित उत्पादख्ररक्षाबंधन की राखियां, करवाचौथ पूजा सेट, ऐपण पेंटिंग्स, साड़ियां, स्टॉल, की-चेन, कार हैंगिंग, केतली, बैग, टोपी, तोरण, डायरी और ज्वेलरी, प्रदर्शनियों में देश-विदेश से आए लोगों द्वारा खूब सराहे गए। राजभवन देहरादून के पुष्प महोत्सव, विरासत महोत्सव सहित विभिन्न आयोजनों में उनके कार्यों ने विशेष पहचान बनाई। सरकारी स्तर पर भी उनके प्रयासों को सराहा गया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी से मुलाकात के बाद उन्होंने विधानसभा भवन रिस्पना में ऐपण से गोल गुंबद तैयार किया तथा भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में ऐपण से बनी पेंटिंग्स और रम्माण मुखौटा चित्रण स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति निकेतन, देहरादून में ऐपण पेंटिंग्स का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाना उनके कार्य की राष्ट्रीय स्वीकृति का प्रमाण है।

### ऐपण का है धार्मिक महत्व

ऐपण पुराने समय से ही घरों, मंदिरों में बनाया जाता है,यह कला पूर्ण रूप से देवी -देवताओं को समर्पित है घ घरों में हो रहे शुभ कार्य शान्ति एवं मंगलमय तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए हर शुभ कार्य की शुरुआत ऐपण डालकर की जाती है। पुराने समय से कहा जाता है कि ऐपण डालकर देवी -देवताओं का आह्वान किया जाता है। गांव घरों में गेरू (लाल मिट्टी) और चावल के बिस्वार से ऐपण डाले जाते थे, लेकिन समय के साथ इसकी जगह अब इनेमल पेन्टस ने ले ली है। आज ऐपण स्वरोजगार का बहुत बड़ा माध्यम बन गया है। अब यह केवल घर की देहली दरवाजों तक सीमित नहीं है ,बल्कि देश विदेश तक पहुंच गई है ।अब इससे विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाई जा रही है। जिनमें थाली,कलश, पूजा चौकी, पेंटिंग्स, साड़ियां,बैग, डायरी, ज्वैलरी,नेम प्लेट,की चेन,कार हैंगिंग, केतली आदि शामिल हैं।

ज्योति जोशी ने डायट देहरादून एवं बड़कोट में विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों के लिए ऐपण कार्यशालाएँ आयोजित कीं, जिसके बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों को यह लोक कला सिखाकर विद्यालय परिसरों को ऐपण से सजाया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनका कार्य अत्यंत प्रेरणादायक है। वे सुद्धोवाला जेल में बंद महिला कैदियों को नि:शुल्क ऐपण प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं थाली, टोपी, ज्वेलरी, साड़ी, बास्केट, राखी आदि बनाना सीख रही हैं, ताकि जेल से बाहर आने के बाद सम्मानजनक जीवन जी सकें और लोककला को आगे बढ़ा सकें। ज्योति जोशी की यह यात्रा सिद्ध करती है कि लोककला केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार भी बन सकती है।

# डीएफओ कार्यालय में गरजे गौलापार के लोग

## अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी, डीएफओ से आश्वासन मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) तराई पूर्वी वन प्रभाग कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख बागजाला गांव के विकास पर वन विभाग का अवरोध खत्म कर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, जल जीवन मिशन की योजना, बिजली कनेक्शन, रास्तों, सड़कों व नहरों की मरम्मत आदि की स्वीकृति दिए जाने की मांग संबंध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि बागजाला गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। गांव में जल जीवन मिशन, सड़कों की मरम्मत, नये निर्माण कार्यों की अनुमति, और नहरों की मरम्मत जैसी



जरूरी विकास योजनाएं बजट स्वीकृत होने के बावजूद लंबे समय से वन विभाग द्वारा स्वीकृति न किए जाने के कारण रुकी पड़ी हैं। गांव के लोग पीने के पानी, बेहतर सड़क, सिंचाई और आवास जैसी मूलभूत जरूरतों से वंचित हैं, जबकि ये सभी अधिकार सरकार की योजनाओं के तहत सुनिश्चित होने चाहिए। बागजाला वासियों के 100 दिन के धरना आंदोलन के पश्चात् 24 नवंबर 2025 को हल्द्वानी के उप जिलाधिकारी की मध्यस्थता में हुए समझौते में तमाम विभाग के अधिकारियों के साथ ही वन विभाग के डीएफओ के प्रतिनिधि एसडीओ भी मौजूद थे, लेकिन वन विभाग द्वारा अभी तक अनुमति के नाम पर विकास कार्यों को रोका रहा है, यह जिला प्रशासन के द्वारा कराए गए समझौते का वन विभाग द्वारा साफ़ उल्लंघन है। जिससे आम जनता में भारी रोष है। वरिष्ठ किसान नेता बहादुर सिंह जंगी ने कहा बागजाला गांव के लोगों को पानी, सड़क और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलना कहां का न्याय है। किसान महासभा बागजाला कमेटी की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा बागजाला विकास योजनाओं को रोकना जनविरोधी कदम है, आखिर बागजाला वासियों को कब तक वन विभाग की मनमानी सहनी पड़ेगी? धरने के बाद डीएफओ को 8 सूत्रीय मांगों पर वार्ता हुई। डीएफओ ने मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि वन विभाग की हठधर्मिता जारी रही तो हमारी जनहित में उठाई जा रही जायज मांगों को पूरा करने की मांग पर आज 6 अप्रैल को बागजाला गांव के लोग अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में जनआंदोलन की शुरूआत आपके तराई पूर्वी कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख एक चेतावनी धरने से कर रहे हैं, यदि अब भी समाधान न हुआ तो बागजाला वासियों को पुनः अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन में आनंद सिंह नेगी, बहादुर सिंह जंगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, डा. कैलाश पाण्डेय, वेद प्रकाश, विमला रौथाण, विमला आर्य, ललित मटियानी, हेमा देवी, पंकज चौहान, गणेश राम, मीना भट्ट, प्रेम सिंह नयाल, मो सुलेमान मलिक, रेशमा, परवेज अंसारी, धीरज कुमार, दिनेश आर्य, ललिता, ललित प्रसाद, जीवंती, अनीता अन्ना, उत्तम दास, रईस अहमद, दीवान सिंह बर्गली, नारायण दत्त जोशी रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा शिविर की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राजकीय संग्रहालय सभागार में डे-केयर संस्था की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर में बढ़ती यातायात अव्यवस्था और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नगर में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था में भी अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। इन मुद्दों के समाधान के लिए शीघ्र ही नगर निगम के मेयर से भेंट करने का निर्णय लिया गया। संस्था की ओर से यह भी तय किया गया कि एक स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें सामाजिक सरोकारों के साथ संस्था की गतिविधियों को स्थान दिया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य में चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। बैठक के लिए सभागार उपलब्ध कराने पर जिलाधिकारी अंशुल सिंह और संग्रहालय निदेशक डा. चन्द्र सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यहां डा. गोकुल सिंह रावत, एमसी कांडपाल, किशोर जोशी, डा. अरुण पंत, आनंद सिंह बगडवाल, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, गजेंद्र नेगी, पीएस सत्याल, मनोहर सिंह, पुष्पा कैड़ा, दिवान सिंह बिष्ट, मदन सिंह मेर, गिरीश जोशी, धारा बल्लभ पाण्डेय, विपिन जोशी, बालादत कांडपाल, अनुजा साह, नरेंद्र नेगी, शेर सिंह, ललित मोहन गौड़, चंद्रमणी भट्ट आदि रहे।

## एक नजर....

### दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट

**अल्मोड़ा।** जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सोमवार को दिनभर बादल छाए रहने और रुक-रुक कर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया था, जो अपराह्न करीब दो बजे के बाद तेज बारिश में बदल गया और शाम तक जारी रहा। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को इससे राहत मिली है। बारिश के चलते जहां एक ओर अप्रैल माह में ठंड का एहसास बढ़ गया है और लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े हैं, वहीं दूसरी ओर यह बारिश कृषि के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इन दिनों क्षेत्र में मडुवा और झुंगरा की बुआई का कार्य चल रहा है। कृषकों के अनुसार असिंचित क्षेत्रों में कई स्थानों पर धान की बुआई भी शुरू हो गई है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इसके अलावा बारिश से जंगलों में लगी आग पर भी काबू पाया गया है और गर्मियों में संभावित जल संकट से भी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पशुपालकों को भी भरोसा है कि इस बारिश से जंगलों में घास का उत्पादन बेहतर होगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

### सरकार पर मांगों की अनदेखी करने का आरोप

**अल्मोड़ा।** विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियरों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। 27 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। इंजीनियरों ने शक्ति सदन में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन कर रहे अभियंताओं ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप लगाया कि सरकार की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, पर जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा। कहा कि लगातार हड़ताल के बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अभियंताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हड़ताल के चलते निर्माण कार्यों और अन्य जरूरी सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। यहां मंडल उपाध्यक्ष लोनिवि इं. रिनी पांडे, महामंत्री इं. हिमांशु जोशी, इं. दीपक टम्टा, इं. कोकिला तिवारी, इं. जीएस मेहरा, इं. सूरज सिंह रावत, इं. हितांशी नैलवाल, इं. मयंक जोशी, इं. अर्जुन सिंह नेगी, इं. स्वाति पटवाल, इं. रितिक चौहान, इं. विशाखा पंत वर्मा, इं. अनिल बिष्ट, इं. शेखर पांडे, इं. शुभम जोशी आदि रहे।

### पूर्व सैनिक लीग की बैठक आयोजित

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर समेत पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। समस्याओं के निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर आकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने आपसी समन्वय और सहयोग से क्षेत्र के विकास को गति देने का आह्वान किया। इस दौरान अल्मोड़ा पुलिस की ओर से पूर्व सैनिकों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने डिजिटल सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर सहमति जताई। यहां जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, नरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, चंद्र सिंह, पूरन सिंह मेहता, आशीष वर्मा, मनोहर सिंह नेगी, डा. जेसी दुर्गापाल, अनूप लाल शाह, गोविंद लाल वर्मा, राजेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र, माधव नंद पांडे, दीवान सिंह, एलडी शर्मा, एनसी जोशी आदि मौजूद रहे।

### विश्व शांति: आर्य समाजियों ने किया यज्ञ

**काशीपुर।** मोहल्ला लाहौरियान स्थित श्री आर्य समाज मंदिर काशीपुर में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के निदेशानुसार विश्व शांति हेतु यज्ञ में आहुति दी गई। दुनिया भर में अमन, शांति एवं सौहार्द बना रहे इस हेतु आर्य समाज के सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा अग्नि देव को आहुति अर्पण कर प्रार्थना की गई। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के मंत्री एडवोकेट मयंक गुप्ता, आर्य समाज काशीपुर के संरक्षक शिवचरण बिश्नोई, पूर्व प्रधान प्रेम प्रकाश गुप्ता, मंत्री संजय अग्रवाल, उप प्रधान अजय अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, अंबरीश गर्ग, सुरेश चंद तिवारी व विनोद मेहरोत्रा आदि लोग थे।

### धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**काशीपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों व महापौर दीपक बाली ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संभव है। कार्यक्रम में मंजीत सिंह राजू, शैलेंद्र मोहन सिंघल, सीमा चौहान, गुरविंदर सिंह चंडोक, खिलेंद्र चौधरी, मोहन पाल, सुशील शर्मा, अमित सिंह, ऊषा चौधरी, मुक्ता सिंह, तेजवीर सिंह चौहान, अभिषेक गोयल, आशीष गुप्ता, कविता यादव, रजत सिद्धू, चौधरी समरपाल सिंह, आनंद वैश्य, ईश्वर चंद्र गुप्ता, पार्षद पुष्कर बिष्ट, अनिल कुमार, मनोज जग्गा, राजदीपिका मधुर, सुधा शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# सीमेंट का डीलर बन ठगे 5.20 लाख रुपये, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित ठेकेदार को पूरी रकम वापस मिल गई। अक्टूबर 2024 में युवक ने खुद को सीमेंट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर ठेकेदार से लाखों रुपये ठग लिए थे। दन्या क्षेत्र के निवासी और पंजीकृत ठेकेदार दलीप सिंह ने नौ अक्टूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सीमेंट खरीदने के लिए इंटरनेट के माध्यम से एक कंपनी से संपर्क किया गया, जहां शर्मा नामक व्यक्ति ने खुद को मैनेजर बताकर भरोसा जीता। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग किस्तों में कुल 5.20 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का शक होने पर पीड़ित ने दन्या थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन पश्चिम बंगाल में ट्रेस कर ली। पुलिस टीम वहां पहुंची और 21 वर्षीय आरोपी अंकित चौधरी को कोलकाता से हिरासत में लिया। मामले की जांच के दौरान मजबूत साक्ष्य जुटाए गए, जिसके आधार पर कोर्ट में पेशी के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। अदालत के निर्देश पर आरोपी को ठगी की पूरी रकम पीड़ित को लौटानी पड़ी। इधर, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई और साक्ष्यों की मजबूती के कारण यह सफलता मिली।

# डीएम से समस्याओं के निदान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मानदेय वृद्धि समेत अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने कार्यबहिष्कार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लगातार मानदेय बढ़ाने की मांग उठा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 14 मार्च को आयोजित प्रदेश स्तरीय रैली के दौरान प्रशासन द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे उनमें गहरा रोष है। कार्यकर्ताओं ने 18 हजार रुपये मासिक मानदेय, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की सहायता तथा



अंशदान में कटौती जैसी मांगें रखीं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे और वे बीएलओ का कार्य भी नहीं करेंगी। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। यहां जिलाध्यक्ष रजनी बगड़वाल, शोभा जोशी, मीना आर्या, कविता जोशी, माया जोशी, बीना, लीला पांडे, दीपा बिष्ट, नेहा चम्याल आदि मौजूद रहीं। इधर, सल्ट क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार मांगों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि मजबूरन उन्हें कार्यबहिष्कार का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कमला बोरा, पुष्पा रावत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# सौर ऊर्जा समय की आवश्यकता: बाली

## पॉलीटेक्निक में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का महापौर ने किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने आज यहां राजकीय पॉलीटेक्निक में 85 लाख 68 हजार की लागत से बनने वाली रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह परियोजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में जल संकट को कम करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि पानी की हर बूंद को बचाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। महापौर ने इसके



अलावा राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान, काशीपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित 9 दिवसीय सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि सौर ऊर्जा समय की जरूरत है जिसका हमें अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। इस दौरान पवन बख्शी, पार्षद शाह आलम, वैशाली गुप्ता, अनीता कांबोज, रवि प्रजापति के अलावा सचिन ठाकुर, अमर सिंह रावत, रेखा सक्सेना, करण भारद्वाज, वैभव गुप्ता, जयदीप ढोंडियाल, सतनाम सिंह, पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य विरेंद्र पाल, सिविल डिपार्टमेंट के एचओडी एचडी भट्ट, आईटी विभाग के एचओडी जगदीश चन्द्र, फार्मेसी विभाग के एचओडी विपिन वर्मा, सुपरवाइजर जयेदव समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रंजिश के चलते युवक पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पुरानी रंजिश के चलते पांच लोगों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी गई है। मौहल्ला कटोराताल निवासी लईक अहमद पुत्र अब्दुल जब्बार ने कटोराताल पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि शनिवार, 5 अप्रैल की शाम लगभग सवा पांच बजे वह सीतापुर आई हॉस्पिटल रोड से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था कि रास्ते में तुफैल बाग निवासी एक युवती और पांच युवकों तथा उनकी साथी ठाकुरद्वारा की युवती ने उसे जबरन रास्ते में रोक लिया और गालीगलौच करने लगे। विरोध करने पर इनमें से एक युवक ने धारदार हथियार से लईक पर जानलेवा हमला किया, हमले में लईक बुरी तरह से घायल हो गया। उसके सिर व शरीर में कई जगह गुम चोट भी आई। शोर सुनकर लोगों को इकठ्ठा होते देखकर आरोपी हमलावर लईक को अगली बार पूरी तरह से जान से खत्म कर देने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लईक को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर मामले की जांच करने के साथ ही पुलिस हमलावरों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

### हड़ताल पर रहे काशीपुर गैस एजेंसी के कर्मचारी

**काशीपुर।** चंपावत में एक गैस कर्मचारी की मौत की घटना को लेकर काशीपुर गैस सर्विस द्वारा हड़ताल का नोटिस चस्पा कर कार्यालय को बंद कर दिया गया है। चस्पा नोटिस में कहा गया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के दबाव के कारण चंपावत गैस एजेंसी के प्रबंधक ने शनिवार शाम आत्महत्या कर ली, जिस कारण आज कुमाऊं मंडल विकास निगम की सभी गैस सर्विस आज बंद रहेंगी। इसी क्रम में काशीपुर गैस सर्विस ऑफिस और होम डिलीवरी कार्य बंद रहेंगे। गैस सिलेण्डर की कमी से जूझते उपभोक्ताओं का इस बंद के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर एजेंसी संचालकों और कर्मचारियों का कहना है कि जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और दबाव की वास्तविक स्थिति सामने नहीं आती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर

पत्रांक: 02/ल0सिं0/नि0सू0/2026-27 दिनांक: 04 अप्रैल 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.04.2026 के अपराह्न 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड, बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.04.2026 को अपराहन 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 16.04.2026 को खण्डीय कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जीएसटी नम्बर चालू होना, जीएसटी अदेयता प्रमाण-पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु प्रत्येक योजना की अलग-2 धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गूल मरम्मत कार्य दियाली कुरौली। | कपकोट | 19600.00 | 1000 + 18% GST | 45 दिन | 90 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं। **अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर**


# खिलाड़ियों ने 52 पदक जीते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 52 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 33 स्वर्ण, 13 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। जिला ताइक्वांडो एवं पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुकाबले सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्गों के विभिन्न भार वर्गों में आयोजित किए गए, जहां खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

एसोसिएशन के सचिव किशोर कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता को निष्पक्ष और उच्च स्तर पर सम्पन्न कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के रेफरी मौजूद रहे, जिन्होंने सफल संचालन किया।

उन्होंने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी 33 खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इस दौरान उप सचिव जगदीश उपाध्याय, डा. संजय कुमार, प्रीत टम्टा, भावना पांडे, प्रशांत, सुमन नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### लोमड़ी प्रजाति के संरक्षण की मांग

**बागेश्वर।** लोमड़ी (सियार) प्रजाति के संरक्षण की मांग को लेकर एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण का कहना है कि इस प्रजाति के तेजी से घटने के कारण क्षेत्र में जंगली जानवरों का खतरा बढ़ता जा रहा है। बिलोना निवासी चन्दन सिंह नगरकोटी ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि लोमड़ी प्रजाति के विलुप्त होने की कगार पर पहुंचने से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोमड़ी, जिसे प्रकृति का स्वच्छक माना जाता है, जंगली जानवरों के बच्चों को खाकर उनकी संख्या नियंत्रित रखती है। उन्होंने यह भी कहा कि लोमड़ी की संख्या घटने के बाद जंगली सुअरों सहित अन्य वन्य जीवों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीण ने प्रशासन से लोमड़ी (सियार) प्रजाति के संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखा जा सके और जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे पर नियंत्रण पाया जा सके।

# 25 दिन बाद हुए अल्ट्रासाउंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में करीब 25 दिनों के बाद अल्ट्रासाउंड सेवा फिर से शुरू हो गई है, जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली है। रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर जाने के कारण यह सेवा लंबे समय से बाधित थी। इस दौरान सप्ताह में केवल दो दिन बैजनाथ से डॉक्टर आकर सेवाएं दे रहे थे। अब नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू होने के बाद अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। सोमवार सुबह 10 बजे तक ही करीब 30 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया जा चुका था। सीएमएस डा. तपन शर्मा ने बताया कि चिकित्सक के वापस आने से अब अस्पताल में रोजाना अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला अस्पताल में कांडा, दुगनाकुरी, कपकोट, गरुड़ और काफलीगैर सहित चारों घाटियों से बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं जांच के लिए पहुंचती हैं। इसके अलावा अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीज भी अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल आते हैं। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक और रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या न हो।

### सुरक्षा दीवार गिरने से मकान को खतरा

**बागेश्वर।** सड़क की सुरक्षा दीवार गिरने से एक आवासीय मकान खतरे की जद में आ गया है। पीड़ित ग्रामीण ने जिलाधिकारी से सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने की मांग की है। सोमवार को कांडा तहसील के ग्राम ढपटी निवासी ग्रामीण दान जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लोक निर्माण विभाग की विजयपुर-बास्तोली-ढपटी मोटर मार्ग की दीवार गिरने से अपने मकान को खतरा होने की शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीण ने बताया कि वर्ष 2024 में उनके घर के पीछे सड़क की सुरक्षा दीवार टूटकर मकान की छत तक पत्थर आ गए थे। शिकायत के बाद विभाग ने सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू तो किया, लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया गया। वर्तमान में भी दीवार से आए दिन पत्थर गिर रहे हैं, जिससे उनके परिवार की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण पूरा कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय बागेश्वर में पार्टी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने की। इस अवसर पर जिला कार्यालय को फूल-मालाओं से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के बाद एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी की मजबूत नींव रखे जाने को याद किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया, जिला उपाध्यक्ष जीवंती काण्डपाल, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी थे।

### शराब की दुकान का विरोध

**बागेश्वर।** शामा बाजार में शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। दूसरे दिन नंदन सिंह भूख हड़ताल पर डटे रहे। सोमवार को ग्रामीण हड़ताल को समर्थन देने मैदान में एकत्रित हुए, जहां नंदन अपनी भूख हड़ताल थे। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक दुकान को यहां से हटाया नहीं जाता, आंदोलन जारी रहेगा। जिला पंचायत सदस्य विजया कोरंगा ने कहा कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर रहा है और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए शराब की दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरण की मांग की है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय: RSA और SRU के गठन एवं सुरक्षा नियमों का पालन।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी में Responsible Sanitation Authority (RSA) एवं Sanitation Response Unit (SRU) की स्थापना की गई है।

- RSA एवं SRU का कार्य है कि नगर में सफाई कार्य सुरक्षित ढंग से हो।
- किसी भी खतरनाक सफाई कार्य में सुरक्षा उपकरण (PPE) का उपयोग करना अनिवार्य है।
- नगर के समस्त नागरिक एवं कर्मचारी अपने सुरक्षा नियमों का पालन करें और सहयोग दें।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

**(अभिवन कुमार)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

**(रेखा कत्यूरा)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

पत्रांक:-4/स्था0नि0/2025-26 दिनांक-04.04.2026

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय: जीरो वेस्ट इवेंट से सम्बंधित सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी क्षेत्र में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों/इवेंट्स (जैसे विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, होटल/रेस्टोरेंट आदि) में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

कार्यक्रमों के दौरान केवल पुनः उपयोग योग्य (Reusable) एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री जैसे स्टील/कांच/कपड़ा आदि का ही उपयोग किया जाए।

नगर के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने घरों एवं आयोजनों में उत्पन्न होने वाले कचरे का पृथक्करण (गीला/सूखा) करें तथा Zero Waste इवेंट को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

नगर पालिका परिषद द्वारा Zero Waste इवेंट को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं जिनका पालन करना अनिवार्य होगा।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

**(अभिवन कुमार)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

**(रेखा कत्यूरा)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

पत्रांक:-7/स्था0नि0/2025-26 दिनांक-04.04.2026

# झाड़ियों का नियमित कटान किया जाए

## वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती की जाएगी: अजय भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन्यजीवों द्वारा मानव को नुकसान पहुँचाने और मौतों की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को काठगोदाम सर्किट हाउस सभागार में सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद अजय भट्ट ने वन्यजीवों द्वारा मानव नुकसान को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने के लिए वन विभाग के साथ ही जिला प्रशासन को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने वन महकमे के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं यह अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर हो ताकि लोग जागरूक हों। उन्होंने कहा जो क्षेत्र वन्यजीव से संवेदनशील है उन क्षेत्र के लोगों को पशुओं के लिए चारे का प्रबन्ध किया जाए साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में झाड़ियों का कटान नियमित किया जाए। उन्होंने कहा जो लोग जंगल में पशुओं के चारे के लिए जाते हैं ग्रुप में जाए, और वन क्षेत्र में जाने का समय निश्चित करें इसके लिए वन विभाग के माध्यम से सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती भी की जायेगी। जिससे वन्यजीव से होने वाली घटनाओं से बचा जा सके।



उन्होंने मुख्य वन संरक्षक कुमाऊ तेजस्वनी पाटिल को निर्देश दिए कि जनपद में जो गांव वन आच्छिादित क्षेत्र के निकट आते है उन क्षेत्रों में सोलर लाईट, झाडी कटान, चारा वितरण करें तथा लोगों को जागरूक करें साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के आसपास झाड़ी कटान हो और जो लोग जलौनी लकड़ी के लिए जंगल जाते है उन्हें लकड़ी मुहैया कराई जाए।

उन्होंने कहा जिन संवेदशील क्षेत्रों में वन्यजीव दिखाई दें उन क्षेत्रों में पूर्व में ही पिजरा, कैमरा आदि लगाये जांए ताकि वन्यजीव घटना ना हो। मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं तेजस्वनी पाटिल ने कहा कि वन महकमा निरंतर वन्यजीव के द्वारा हो रही घटना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों मे कार्यशाला आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान को और तेजी से चलाया जायेगा साथ ही वन आच्छादित गांवों में लोगों को चारा, जलौनी लकडी तात्कालिक तौर पर उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि जनपद में जहां वन्यजीवों के कारण घटनायें हो रही है प्रशासन द्वारा चारा तात्कालिक तौर पर उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सहायता राशि भी शीघ्र प्रदान की जा रही है। बैठक में विधायक लाल. कुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, वन संरक्षक नीतिश मणी त्रिपाठी, डीएफओ हिमांशु, कुन्दन कुमार, यूसी तिवारी, प्रकाश आर्य, ध्रुव मर्तोलिया, आकाश गंगवार, एडीएम विवेक राय के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर बूथ मज़बूत का नारा

## भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 47वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा के कुमाऊं संभाग कार्यालय में सोमवार को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कार्यालय परिसर में भाजपा का ध्वज फहराया।

इसके उपरांत दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम् के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आहवान किया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण के कारण ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। भाजपा अपने मूल राजनीतिक संगठन भारतीय जनसंघ के विचारों और एजेंडे पर आज भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक निर्णय लिए है, जिनमें



जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का उन्मूलन और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों को सर्वोपरि मानते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट एवं मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, विनीत अग्रवाल, रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, सुमित्रा प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, संजय पाण्डे, हेमंत बिष्ट, रत्नेश साह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से 3.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी देते हुए काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि एसआई कुमकुम धनिक अपनी मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया पुलिस ने शक होने पर युवक को रूकने का इशारा किया लेकिन टीम को देख युवक भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से उसके पास से 3.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम हर्षित मेहता पुत्र नारायण सिंह निवासी पूर्वी खेड़ा गौलापार काठगोदाम बताया।

# मेयर ने किया दो नए कक्षों का उद्घाटन

## शिक्षा और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही राउंड टेबल 348: गजराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राउण्ड टेबल 348 द्वारा नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में निर्मित दो नए कक्षा कक्षों का उद्घाटन सोमवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट, राउण्ड टेबिल 348 के एरिया हेड चेयरमैन निखिल अग्रवाल, चैयरमैन सिद्धार्थ अग्रवाल, सौरभ शाह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से बच्चों को किताबें और स्कूल बैग भी वितरित किए गए। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने राउण्ड टेबल 348 द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था शिक्षा और सामदायिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि संस्था सरकारी स्कूलों में



क्लासरूम, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास कर विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचा रही है और आवारा पशुओं की देखभाल जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फरहत अबसार ने राउण्ड टेबल 348 और मेयर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आशा, चंपा, गौरी, कविता उपाध्याय, सनी आनंद, रोहित अग्रवाल, अतीब, शिवाय वत्सल, भरत साह, महक आनंद, सृष्टि अग्रवाल, अमनदी सहित कई अन्य शिक्षक और छात्र मौजद रहे।

# ईपीएफ: बड़ी जीत की ओर सफाई कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के लंबे संघर्ष के बाद मोहल्ला स्वच्छता समिति कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) सुविधा लागू होने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। नगर निगम हल्द्वानी में शिविर आयोजित कर कर्मचारियों के यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) जनरेट किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें ईपीएफ का लाभ मिल सके। संघ के अनुसार संविदा कर्मचारियों की वर्ष 2011 से लंबित ईपीएफ धनराशि भी शीघ्र जमा की जाएगी। बता दें कि संघ वर्ष 2017 से लगातार संविदा और मोहल्ला समिति कर्मचारियों को ईपीएफ का लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहा है। जहां संविदा कर्मचारियों को इसका लाभ पहले ही मिलना शुरू हो गया था, वहीं अब मोहल्ला समिति कर्मियों को भी इस सुविधा से जोड़ा जा रहा है। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ तथाकथित लोगों द्वारा कर्मचारियों में भ्रम फैलाया जा रहा है कि ईपीएफ कटौती के बाद उन्हें ठेके पर दे दिया जाएगा। इस पर संघ ने कर्मचारियों से ऐसे भ्रामक प्रचार से सावधान रहने की अपील की है। संघ का कहना है कि इस संबंध में न तो विभाग और न ही ईपीएफओ कार्यालय से कोई ऐसा पत्र प्राप्त हुआ है, जिससे यह साबित हो कि कर्मचारियों को किसी निजी कंपनी को सौंपा जाएगा। संघ ने इसे अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सभी कर्मचारियों को बधाई दी है।



# बरसाती नहर में भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार की दोपहर तिकोनिया स्थित बरसाती नहर में उस समय हड़कंप मच गया जब नहर में एक भ्रूण दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और नहर से भ्रूण को बाहर निकाला और मोर्चरी भेजने के साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई। तिकोनिया स्थित बरसाती नहर में करीब एक बजे के आस-पास राहगीरों को नहर में एक भ्रूण दिखाई दिया। भ्रूण की सूचना पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल विजय मेहता मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नहर से भ्रूण को निकालकर मोर्चरी भेज दिया। भ्रूण करीब पांच महीने का बताया जा रहा है। संभवत: जताई जा रहा कि किसी ने लोकलाज के डर से ऐसा किया होगा। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि तिकोनिया वर्कशॉप लाइन से गुजरी नहर में वन विभाग के पास नहर में भ्रूण की सूचना मिली थी। फौरन मौके पर पुलिस टीम को रवाना किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि भ्रूण नहर में पड़े कूड़े में फंस कर अटका हुआ था। कोतवाल के अनुसार काठगोदाम से लेकर तिकोनिया तक नहर के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। भ्रूण की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिया गया है। साथ ही बिसरा सुरक्षित कराया जाएगा।

# कुमाऊं में घर-घर दस्तक देगी विजिलेंस

## जन जागरूकता अभियान: अफसर घूस मांगे तो डायल करें 1064

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भ्रष्टाचार की रोकथाम और आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से सतर्कता अधिष्ठान, सेक्टर हल्द्वानी में अप्रैल और मई माह में कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इन कार्यक्रमों का आयोजन एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा, पंडित बद्रीदत्त पाण्डे परिसर बागेश्वर, एलएसएम परिसर पिथौरागढ़, सोबन सिंह जीना परिसर चम्पावत और जनपद ऊधमसिंहनगर में किया जाएगा। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सतर्कता विभाग के टोल-फी नंबर 1064 का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी को रोकने और आम जनता के कामकाज को सुगम बनाने में मदद मिले। इस लिए विजिलेंस अब पूरे कुमाऊ में इसको लेकर जागरुकता अभियान शुरू करने जा रही है। सोमवार को विजिलेंस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए विजिलेंस एसपी दीपशिखा ने बताया कि बताया कि वर्ष 2024 से अब तक कुल 26 मामलों में ट्रैप कार्रवाई करते हुए 33 अभियुक्तों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके अलावा, ट्रैप से जुड़े 7 विचाराधीन प्रकरणों में अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा दंडित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले का नाम पूरी गोपनीय रखा जाता है। बताया कि कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत और उधमसिंह नगर के स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जहां युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के मुख्य लक्ष्य सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी पर लगाम लगाना, आम जनता के कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाना, युवाओं और छात्रों को भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम से जोड़ना, हेल्पलाइन नंबर 1064 का व्यापक प्रचार करना है। उन्होंने बताया उनकी टीम पिछले दो साल में 26 ट्रैप कार्रवाई कर चुकी है। इस दौरान 33 आरोपी रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए और 7 मामलों में सजा दिलाई जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत सतर्कता विभाग के टोल फी नंबर 1064 या व्हाट्सएप नंबर 9456592300 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाल संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश रजवार ने पदभार संभाला




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मनोनीतं सदस्य योगेश रजवार ने देहरादून आईसीडीएस भवन पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान रजवार ने बताया कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने के साथ ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। पदग्रहण के दौरान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना, सचिव डा. शिव कुमार बरनवाल, डा. सतीश कुमार सिंह, ममता रौथाण, डा. निशात इकबाल, संदीप कुमार सकलानी, नितिन कुमार राणा, शान्ति भट्ट, अंजली मौर्या, विवेक कुमार, जगदीश सिंह बिष्ट सहित नव नियुक्त उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला, किसान आयोग के चतुर बोरा, आलम नगदली, दीपक संभाल, सार्थक नेगी, यश पवार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# छठे दिन शूर्पणखा नासिका छेदन

## उत्थान मंच में महिला रामलीला देखने के लिए उमड़ रहे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति के तत्वावधान में चल रही महिला रामलीला का मंचन दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहा है। रामलीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सोमवार को मंचन के छठे दिन शूर्पणखा नासिका छेदन की लीला का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इससे पूर्व मंचन का शुभारंभ दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, अपनी धरोहर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट और सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीण रौतेला ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन की शुरुआत शूर्पणखा प्रसंग से हुई। जंगल में विचरण करती शूर्पणखा पंचवटी पहुंचती है और भगवान राम व लक्ष्मण को देखकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। वह संवाद के माध्यम से अपने भाव प्रकट करते हुए कहती है कि मैं तो छोड़ आई लंका का राज लखन लाल तेरे लिए..., लेकिन दोनों भाई प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। इससे क्रोधित होकर शूर्पणखा सीता पर हमला करने का प्रयास करती है, जिस पर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते है। इसके बाद आक्रोशित शूर्पणखा अपने भाई खर और दूषण के पास पहुंचती है। बहन का बदला लेने के लिए दोनों श्रीराम से युद्ध करते है, जिसमें भगवान राम उन्हें परास्त कर वध कर देते है। इस पूरे मंचन को कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय से जीवंत बना दिया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




### जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शीशमहल में 'लंका दहन'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल काठगोदाम में आयोजित महिला रामलीला के आठवें दिन हनुमान जी ने लंका दहन कर अक्षय कुमार का वध किया। यहां लीला मंचन में दिखाया गया कि समुद्र पार करने से पूर्व हनुमान जी अपनी शक्ति भूल गए थे। तब जामवंत ने उन्हें उनके बल और पराक्रम का स्मरण कराया। इसके उपरांत हनुमान जी आकाश मार्ग से लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में माता सीता को खोजकर उन्हें भगवान श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी भेंट की। लंका में हनुमान जी ने रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध किया और पूरी लंका को दहन कर दिया। इसके बाद वे वापस लौटे और भगवान श्रीराम को माता सीता का संदेश सुनाया। लंका दहन और सीता खोज के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। पंडाल में बैठे कई भक्तों की आंखें नम हो गई और 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण-अंशिका जीना, हनुमान तनुजा जोशी, सुग्रीव नीलम लोहनी, रावण दीपा कोश्यारी, मेघनाथ मंजू बिष्ट, अक्षथ कुमार, जामवन्त-भावना पोखरिया थी। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्ज्वलन कर लीला का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, रामायण के मूल्यों और बुराई पर अच्छाई की जीत पर जोर दिया। साथ में चेतन सम्मल व मयंक नेगी रहे। उन्होंने एसआरआई संस्था की प्रशंसा करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। रामलीला की आयोजक व एसआरआई की संस्थाध्यक्ष तनुजा जोशी ने बताया कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं की रामलीला में भागीदारी महिला सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना तथा नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ना है। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। इस दौरान रंगकर्मी अनिल घिडियाल, गिरीश चन्द्र तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, संगीत निर्देशक मोहन चन्द्र जोशी, महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, कामिनी पाल, इशिका शर्मा, योगिता बनोला, राधा मिश्रा, मीना डंगवाल, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, मनोज गुणवंत, विकास राठौर, अजय कुमार, केशव दत्त जोशी, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, गौरव जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता मकरंद प्रताप सिंह, एनडी तिवारी, मोहन चन्द्र बलुटिया, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल, रमेश, आशीष सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### नशे में टैक्सी चालक धरा

**हल्द्वानी।** नशे में टैक्सी चलाना एक चालक को भारी पड़ गया। पुलिस ने न सिर्फ टैक्सी को सीज किया, बल्कि नशे में धुत चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत काठगोदाम पुलिस मल्ला चौकी बेरियर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी चैकिंग के दौरान एक कार संख्या यूके04टीसी-0195 आती दिखाई दी। जिसे रोककर जांच की गई तो वाहन चला रहा चालक नशे में धुत था। पूछताछ के दौरान कार चालक ने अपना नाम इंद्रानगर लालकुआं निवासी निर्मल कुमार पुत्र विरीराम बताया। जिस पर पुलिस ने निर्मल को गिरफ्तार करते हुए वाहन को सीज कर दिया। टीम में एसआई दिलीप कुमार, कांस्टेबल कारज सिंह व प्रमोद कुमार शामिल थे।

# गर्भवती हुई तो लगा पता मुखानी में नाबालिग से दुष्कर्म

## परिजनों को पीड़िता ने बताया आरोपी का नाम, पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत में एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म मामले का खुलासा तब हुआ जब किशोरी की हालत बिगड़ी और परिजन जब चिकित्सक के पास उपचार के लिए पहुंचे तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों के पूछताछ के बाद पीड़ित किशोरी ने दुष्कर्म करने वाले आरोपी का नाम बताया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी और पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी की करीब चार दिन पहले अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा किशोरी को उपचार के लिए चिकित्सकों के पास लाया गया। चिकित्सकों ने जब जांच की तो नाबालिग किशोरी दो की गर्भवती है। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने जब नाबालिग से इस मामले में पूछताछ की तो उसने उस व्यक्ति का नाम बताया, जिसने उसके साथ गलत काम किया। पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। वहीं पीड़िता के परिजनों ने न्यायालय से गर्भपात के लिए अनुमति मांगी है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मामले में डीएनए लिया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# नैनीताल, टिहरी व हरिद्वार जीते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट लीग में सोमवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट मैदान में नैनीताल और चम्पावत के बीच हुआ। चम्पावत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 279 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी नैनीताल की टीम ने 42वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। लक्ष्य राय चंदानी ने नाबाद 144 और रक्षित डालाकोटी ने नाबाद 104 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में बागेश्वर और टिहरी के मध्य हुआ। टिहरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बागेश्वर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 41वें ओवर में 168 रन बनाकर आलआउट हो गई। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी ने 32वें ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। तीसरा मैच कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा में अल्मोड़ा और हरिद्वार के बीच हुआ। अल्मोड़ा ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 37वें ओवर में 147 रन बनाकर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरिद्वार की टीम ने 25वें ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैच में अंपायर की भूमिका विजय आर्या, हिमांशु चतुर्वेदी, राहुल गुप्ता, शेनावाज, रजत धीमान और अमित कुमार जबकि स्कोरर की भूमिका सचिन, हेमंत और मनीष कुमार ने निभाई। मैचों के मुख्य अतिथि त्रिलोक जीना और जगदीश बोरा ने टीमों से परिचय प्राप्त कर मैचों का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सीएयू के सदस्य राहुल पवार, हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, पारुल, नरेन्द्र अधिकारी, किशन अनेरिया, विजय कुकसाल, दिग्विजय कनवाल, अमरपाल सिंह, अभिषेक सिंह, नीरज डसीला आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिनदहाड़े किसान के घर में घुसे चोर

- नकदी और जेवर समेत 18 लाख की चोरी
- मंदिर गया था पूरा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज चोरी की वारदात ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए करीब 18 लाख रुपये नकद और लगभग 1 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद जहां पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है, वहीं इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 निवासी निशिकांत हालदार (पुत्र स्व. नीम चंद्र हालदार) का पूरा परिवार सोमवार सुबह एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि उनका बेटा सपन हालदार हरिद्वार से कांवड़ में गंगा. जल भरकर लौटा था, जिसके जलाभिषेक के लिए परिवार सुबह करीब 10:30 बजे सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब परिवार घर लौटा, तो शुरुआत में सब कुछ सामान्य लगा। लेकिन जैसे ही निशिकांत की पत्नी सुचित्रा हालदार अपने कमरे में पहुंचीं, लॉकर और बक्से का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर रखी नकदी और जेवरात पूरी तरह गायब थे। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंचे और पूरे घर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा।



घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। समाजसेवी रमेश राय ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी ललित चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान लॉकर और बक्सों को दोबारा खंगाला गया, जिसमें एक पॉलीथिन में रखे करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बरामद हुए, लेकिन शेष नकदी और जेवरात का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित निशिकांत हालदार ने बताया कि यह रकम उन्होंने वर्षों की मेहनत-मजदूरी और खेती-बाड़ी से एक-एक रुपये जोड़कर जमा की थी। हाल ही में उन्होंने अपनी जमीन का एक हिस्सा भी बेचा था, जिसकी रकम भी घर में रखी हुई थी। चोरों ने उनकी जीवनभर की कमाई पर एक ही झटके में हाथ साफ कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। चौकी प्रभारी ललित चौधरी ने बताया कि चोरी हुई रकम के स्रोत की भी जांच की जा रही है। अब तक पीड़ित परिवार द्वारा लगभग 12 लाख रुपये की जानक. ारी दी गई है, जिनके स्रोतों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# गैस न मिलने पर युवा कांग्रेसियों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस द्वारा रामनगर स्थित इंडियन गैस कार्यालय में भारी अनियमितताओं और वितरण में हो रही लाप. रवाही के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का घेराव किया गया।



इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने बताया कि पिछले काफी समय से क्षेत्र की जनता गैस की किल्लत से जूझ रही है, लेकिन रामनगर में गैस की गाड़ियां पहुंचने के बावजूद भी वितरण जानबूझकर नहीं किया जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार सुबह कई घंटों के इंतजार के बाद भी जब गैस एजेंसी वालों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, तो युवा कांग्रेस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्यालय का घेराव किया और वितरण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग की। सुमित लोहनी ने कहा कि जनता के हक की लड़ाई में युवा कांग्रेस कभी पीछे नहीं हटेगी। युवा कांग्रेस के प्रदर्शन बाद प्रशासन हरकत में आया और गैस वितरण कार्य तुरंत शुरू करवाया गया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में उपभोक्ताओं को दोबारा इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा, तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सचिन कुमार आर्य, समीर हसनी, दीपक रावत आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# झूठी फायरिंग की सूचना देने वाले युवक का पुलिस एक्ट में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** डायल 112 पर एक कॉलर द्वारा फायरिंग की सूचना दिए जाने पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान ऐसी किसी भी घटना की पुष्टि नहीं हुई। मामले में कॉलर का फोन स्विच ऑफ पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए कॉलर की पहचान युग बंसल पुत्र राजीव बंसल निवासी संजय नगर, बाजपुर के रूप में की। पुलिस द्वारा युवक को कोतवाली बाजपुर बुलाया गया।

पूछताछ के दौरान झूठी सूचना देने की पुष्टि होने पर पुलिस ने युग बंसल को कड़ी हिदायत देते हुए उसके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आपातकालीन सेवाओं पर झूठी सूचना देकर संसाधनों का दुरुपयोग न करें।

# आशीष ठाकुर ने सीताराम तिवारी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** समाज के प्रति सेवा का भाव रखते हुए तन मन से प्रतिदिन समाज की सेवा करने वाले नगर पालिका परिषद बाजपुर के कर्मचारी एवं समाजसेवी सीताराम तिवारी को स्वामी विवेक. ानंद सामाजिक उत्थान संघ के अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने संघ के अन्य सदस्यों के साथ समाज में निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया। यहां अवगत कराते चले कि समाजसेवी सीताराम तिवारी द्वारा पिछले दिनों चकरपुर अंडरपास में पानी निकासी को लेकर भी अहम रोल अदा करते हुए समय से अंडरपास की पानी निकासी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय से पानी निकासी का कार्य किया और अक्सर देखा जाता है कि सीताराम तिवारी नगर पालि. का की नौकरी करते हुए कई बार लोगों के घरों में सांप पकड़ने का कार्य भी करते हैं। एक तरीके से अपनी जान पर खेल करके भी सीताराम तिवारी प्रतिदिन समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद सामाजिक उत्थान संघ द्वारा सीताराम तिवारी के समाज के प्रति सच्ची सेवा श्रद्धा भाव की सराहना करते हुए आज उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमेश पाल, नरेश कश्यप, मनीष खन्ना, बबलू सैनी, अजय ठाकुर, विशाल ठाकुर, मनीष राणा, गौतम सागर आदि लोग मौजूद थे।

# गन्ना विकास पर दें जोर, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: राजू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को दि बाजपुर को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री, बाजपुर के अतिथि गृह में सोमवार को एसडीएम एवं प्रधान प्रबंधक, चीनी मिल अमृता शर्मा की उपस्थिति में चीनी मिल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में गन्ना विकास से जुड़े विभिन्न अहम विषयों, गन्ना बुवाई की प्रगति, उन्नत प्रजातियों के विस्तार, बीज उत्पादन तथा आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान गन्ना राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गन्ना रकबा बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि सभी आंकड़े पूर्व से ही पूरी तरह स्पष्ट, सटीक और पारदर्शी रूप में तैयार रखें, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके और किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

गोष्ठी में गन्ना किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

# प्रतिबंधित 192 नशीले कैप्सूल के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रुद्रपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित 192 नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम चौकी रम्पुरा क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। रात करीब 10:45 बजे जब टीम किच्छा बाईपास रोड पर एफएसएल गेट के पास पहुंची, तो वहां सड़क किनारे एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी रुकते ही युवक सकपका गया और तेज कदमों से भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े जाने पर युवक ने पुलिस से उलझने और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे काबू में कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शारिक पुत्र स्व. शकील अहमद निवासी किच्छा (स्थायी पता- बहेड़ी, बरेली) बताया। तलाशी के दौरान शारिक ने अपने पेट के पास सफेद पन्नी में कुछ छिपा रखा था। जांच करने पर पन्नी के अंदर से नशीली दवाओं के 8 पत्ते बरामद हुए, जिनमें कुल 192 नीले रंग के कैप्सूल थे। बरामद दवाओं पर डायसाइक्लोमाइन, ट्रामाडोल और एसिटामिनोफेन अंकित था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह खुद नशे का आदी है और ये नशीले कैप्सूल बिलासपुर (यूपी) में एरो अड्डे के पास एक मेडिकल स्टोर से किसी युवक से लेकर आया था। पुलिस ने बरामद माल को सील कर आरोपी को धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उपनि. रीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, कांस्टेबल मोहन सिंह खाती और महेंद्र कुमार शामिल रहे।

# दो किलो से अधिक गांजे के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2-058 किलोग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम बगवाड़ा मंडी गेट के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रुद्रपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार (संख्या UK06AiQ6079) के चालक ने पुलिस टीम को देखकर गाड़ी पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर बगवाड़ा शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर कार को रोक लिया। कार चला रहे युवक ने अपना नाम भोला साहनी पुत्र रामदयाल साहनी, निवासी सुभाष कॉलोनी, रुद्रपुर बताया। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो पिछली सीट के नीचे दो पारदर्शी पन्नियों में छुपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर बरामद गांजे की कुल मात्र 2-058 किलोग्राम पाई गई। पूछताछ में आरोपी भोला साहनी ने कबूल किया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से गांजे के अवैध व्यापार में लिप्त है। उसने बताया कि वह यह माल महतोष, गदरपुर से कम दामों में खरीदकर बगवाड़ा भट्टा निवासी सुनीता देवी को बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक आईफोन और तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल, जीवन अधिकारी, कांस्टेबल दिलीप कुमार, मुख्य आरक्षी भुवन पांडे और कांस्टेबल विनोद खत्री शामिल रहे।

# पत्रकार नितेश जोशी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर के पत्रकार नितेश जोशी के आकस्मिक निधन पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट,ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत,पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,भाजपा नेता विपिन कांडपाल,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी, भाजपा नेता अजीज खान, भाजपा नेता शुभम उत्तम,युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक, भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद शमीम अहमद,पूर्व मंत्री अमिता लोहनी, पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, पूर्व सभासद भुवन डंगवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष किशन कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट,विनोद पपने,नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट रामनगर अध्यक्ष डॉक्टर जफर सैफी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट रामनगर नाजिम सलमान,राजू वर्मा,त्रिलोक रावत,राजीव अग्रवाल, कैलाश सुयाल,नदीम वारसी,रागिब खान,अजीत गोस्वामी, चंद्रसेन कश्यप, बंटी अरोरा, चंद्रशेखर जोशी आदि लोगों ने शोक व्यक्त कया है।

# स्पा सेंटरों पर चला पुलिस का डंडा

- देह व्यापार का भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार
- पुलिस ने कार्रवाई के दौरान नौ महिलाएं रेस्क्यू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने देह व्यापार के अनैतिक नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर के दो प्रमुख स्पा सेंटरों में चल रहे गोरख धंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने काशीपुर रोड और भूरारानी रोड पर स्थित स्पा सेंटरों में एक साथ छापेमारी कर चार पुरुषों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया और देह व्यापार के दलदल में धकेली गई नौ महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डेय की टीम ने काशीपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे स्थित वाइट लोटस यूनीसेक्स स्पा पर छापा मारा। पुलिस टीम ने जब गैलरी के कमरों की जांच की, तो एक कमरे से आपत्तिजनक आवाजें सुनाई दीं। महिला कांस्टेबल के माध्यम से दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर भूरारानी निवासी गौरव साहू एक महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पाया गया। पूछताछ में गौरव ने कुबूल किया कि उसने काउन्टर पर 1000 रुपये देकर अनैतिक कार्य के लिए कमरे की बुकिंग की थी। काउन्टर पर मौजूद महिला जैनी ने खुलासा किया कि स्पा का मालिक राजू सिंह निवासी मैट्रोपोलिस और मैनेजर मोहम्मद शकील निवासी फरीदाबाद, हरियाणा ग्राहकों से मोटी रकम वसूलते थे, जिसमें से महिलाओं को केवल 200 रुपये थमाए जाते थे। पुलिस ने यहां से 3700 रुपये नकद सहित आपत्तिजनक सामान बरामद किया। यहां से कुल चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया, जिन्होंने गरीबी और पारिवारिक मजबूरियों के चलते इस दलदल में फंसने की बात कही। पुलिस अब फरार मालिक राजू सिंह और मैनेजर शकील की तलाश कर रही है।

वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी की टीम ने भूरारानी रोड स्थित पिंक डायमंड स्पा में की। पुलिस के घुसते ही काउन्टर पर बैठा अरशद निवासी दिल्ली पुलिस को देख शोर मचाने लगा। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक कमरे में सूरज राठौर निवासी बरेली एक युवती के साथ नग्न अवस्था में मिला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि स्पा मालिक गुरमीत सिंह उर्फ गोपी उससे जबरन वैश्यावृत्ति करवा रहा था और प्रति ग्राहक 2000 रुपये वसूले जा रहे थे। पुलिस ने मौके से अरशद खान, रोहित छाबड़ा निवासी इंद्रा कॉलोनी और ग्राहक सूरज राठौर को गिरफ्तार किया। रोहित छाबड़ा पहले भी अनैतिक व्यापार के मामले में जेल जा चुका है और वह इस स्पा के लिए ग्राहक ढूंढने और रुपयों का हिसाब रखने का काम करता था। यहां से पुलिस ने 2250 रुपये नकद, आईफोन सहित तीन मोबाइल फोन और एंट्री रजिस्टर और आपत्तिजनक सामान बरामद किया। इस सेंटर से दिल्ली, पीलीभीत, सीतापुर और पश्चिम बंगाल की रहने वाली कुल पांच महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत कुमार के निर्देशन में हुई इस छापेमारी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक केसी आर्या, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, जितेन्द्र खत्री, अकरम अहमद, कीर्ती भट्ट, दीपक बहुगुणा, महिला कांस्टेबल चांदनी मेहरा, प्रियंका कोरंगा, गंगा आर्या और ममता मेहरा सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं 3/4/5/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रेस्क्यू की गई महिलाओं को सुरक्षा की दृष्टि से महिला बैरक में रखा गया है, जिन्हें काउंसलिंग के बाद परि.



जनों के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के अन्य स्पा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके अलावा पुलिस ने आप. रेशन प्रहार के तहत कई अन्य स्पा सेंटरों पर भी छापेमारी की। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम आवास विकास क्षेत्र स्थित एक थाई स्पा सेंटर पहुंची, जहां कई युवतियां मौजूद मिलीं। पुलिस ने उनसे आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। हालांकि यहां पर मौके से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई, लेकिन नियमों के उल्लंघन के चलते स्पा सेंटर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके बाद टीम मेट्रोपोलिस मॉल स्थित एक अन्य स्पा सेंटर पर पहुंची, जहां सेंटर बंद मिला। पुलिस द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संचालक से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर टीम ने कटर की मदद से ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और जांच शुरू की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही संचालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही एसडीएम और तहस. ीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्पा सेंटर के अंदर मौजूद रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों को कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप है।

# अवैध खनन में छह वाहनों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज और वन सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने अवैध खनन में 6 वाहनों को पकड़ा है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ के निर्देशन, एसडीओ और रामनगर रेंज के रेंजर के नेतृत्व में नेतृत्व में वन सुरक्षा बल टीम व रामनगर रेंज स्टाफ द्वारा संयुक्त गस्त के दौरान जुड़का क्षेत्र से एक डंपर,दो ट्रैक्टर,दो ट्रैक्टर ट्रॉली को नदी क्षेत्र से अवैध खनन व एक डंपर को गुलजारपुर बंद क्षेत्र से अवैध खनन करते पकड़ा है।वाहनों को वन अभिरक्षा में लेकर अग्रिम कार्रवाई को लेकर गुलजारपुर चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया है।डीएफओ ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रुद्रपुर में खेलो इंडिया अस्मिता फेंसिंग सिटी लीग का सफल आयोजन

- नन्हे तलवारबाजों ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** जिला क्रीड़ा संघ रुद्रपुर द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलो इंडिया अस्मिता फेंसिंग सिटी लीग (2025-26) का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर एवं जिले के 19 उभरते हुए तलवारबाजों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट मुख्य रूप से दो आयु वर्गों अंडर-14 एवं अंडर-17 के अंतर्गत आयोजित किया गया।



तलवारबाजी की तीनों स्पर्धाओं-ईपी , साब्रे और फॉयल में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुक. ाबला देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी निर्मला बिष्ट, विशिष्ट अतिथि के रूप में रुद्रपुर की जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की एवं उत्तराखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी निर्मला बिष्ट ने भी इस तरह की लीग की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ी भविष्य में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर सकती हैं। जानकी कार्की ने कहा कि ''भारतीय खेल प्राधिकरण'' का यह कदम सराहनीय है। अस्मिता लीग जैसी पहल से महिला युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिल रहे हैं। सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को खोजने की अच्छी पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरा टूर्नामेंट खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने क्षेत्र में फेंसिंग के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया है। प्रतियोगिता के समापन पर विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा पदक वितरित किए गए।

अंडर 14- फॉयल में वैष्णणी स्वर्ण पदक, पावनी शर्मा रजत पदक, राजशी बिष्ट को कांस्य पदक, साब्रे में गुंजन स्वर्ण पदक, तनरूप कौर रजत पदक, ईपी में श्रद्धा जोशी स्वर्ण पदक, युविका रजत पदक, अंडर 17- फॉयल में स्विती स्वर्ण पदक, मन्नत रजत पदक, अर्पिता को कांस्य पदक, साब्रे में स्विती स्वर्ण पदक, परी को रजत पदक, अर्पिता को कांस्य पदक, ईपी में वंशिका स्वर्ण पदक, परी को रजत पदक हासिल किया।

# खटीमा में भव्य तरीके से मनाया जाएगा भीम जन्मोत्सव, तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** संविधान के महानायक, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य तरीके से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। 14 अप्रैल 2026 को बाबासाहेब के सम्मान उत्साह का सैलाब उमड़ने को तैयार है। इस वर्ष की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक विशाल सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनने जा रही है। ब्लॉक स्तर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। क्षेत्र के प्रबुद्ध समाजसेवी डॉ. उत्तम कुमार ने हुंकार भरते हुए कहा कि इस वर्ष भीम जयंती का आयोजन पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे को धरातल पर उतार कर जन-जन तक पहुंचाना है। खटीमा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम सभा से लोग इस महा-शोभायात्रा में शामिल होकर इसकी भव्यता को बढ़ाएंगे। शोभायात्रा में शामिल होने वाली झांकियां समाज के लिए आकर्षण और प्रेरणा का मुख्य केंद्र होंगी। उन्होंने कहा कि इन जीवंत झांकियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के क्रांतिकारी संघर्षों को दर्शाया जाएगा, समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

# केलाखड़ा में हुआ भाजपा का वर्ग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

- मंत्री गुंजन सुखीजा ने संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

**बाजपुर।** केलाखेड़ा मंडल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के मंत्री गुंजन सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

अपने संबोधन में मंत्री सुखीजा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास और जनसेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सशिप्रीत सिंह, मंडल प्रभारी, जिला मंत्री बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष किशन मोर्चा महेंद्र कालरा सहित मंडल टीम, शक्तिकेंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मंत्री सुखीजा ने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# सीओ से की बरहैनी पुलिस की मारपीट की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम नमूना भटपुरा निवासी विश्वास पुत्र रमेश ने सीओ विभव सैनी के पेशकार गिरीश चंद्र जोशी को देखकर आरोप लगाते हुए बताया पुलिस चौकी बरहैनी में तैनात पुलिस कर्मचारी प्रहलाद, अनिल, व चौकी इंचार्ज सहित 3 अन्य पुलिस कर्मचारियो द्वारा मुझे गन्दी गन्दी गालियाँ देते हुए एक कमरे मे बन्द कर बुरी तरह नंग्गा करके लाठीयो से पीटने आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की। विश्वास ने बताया पत्नी पिंकी द्वारा अपने मंगलसूत्र को सास व ससुर तथा देवर द्वारा छीन लिए जाने पर उनसे वापस लेने हेतु पुलिस द्वारा एक प्रार्थना पत्र देकर पुलिस द्वारा उपलब्ध कराने की मांग की। 01.मार्च 2026 को पुलिस चौकी पुलिस पुलिस 04. मार्च को घर पर आए थे घर पर नहीं मिले।किसी कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को चौकी में बुलाया गया बीबी तथा 3 साल की बेटी को लगभग 30 मिनट तक बैठाया। पुलिस द्वारा मंगलसूत्र का बिल मांगा गया।सर मंगलसूत्र तो मेरी शादी मे 8 बर्ष पूर्व पहनाया गया था तो बिल मेरे पास नहीं है।रात्रि में मेरी पत्नी से पैसे लेकर मुझे छोड़ गया।पुलिस पर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की। वरहेनी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा ने पुलिस पर कहा लगाए गए आरोप निराधार है उन्होंने बताया कि 3 साल की बच्ची को उठाकर ट्रक के नीचे फेंक रहा था पुलिस कर्मियों ने इसको पकडॉ और बच्ची को छीना और इसको डाटा बस इतना ही कहा था।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-17 / नामा० सूचना/2026-27 दिनांकः-06/4/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार नं-07 क्रमांक 296 में स्थित गृहकर श्री रियारात अली पुत्र नूर मोहम्मद का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 66 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिकीनामा के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री इदरीस पुत्र अकबर अली निवासी वार्ड नं-07 पंजाबी कालोनी गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिकारी अधिकारी**

## भाजपा का मनाया स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित की। उसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक की साफ- सफाई की बाद में नगर पालिका सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभा आयोजित की। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित सभा में वक्ताओं ने पार्टी की स्थापना दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। वक्ताओं ने पूरे मनोयोग से पार्टी की नीतियों एवं रीतियों को आम जनता तक पहुंचा कर उन्हें विकास कार्यों का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, जीवन धामी, भुवन भट्ट, सतीश भट्ट,रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, सतीश गोयल, कामिल खान, नीता सक्सेना, भागीरथी खोलिया, रवीश भटनागर, संतोष अग्रवाल, कपिल सामंत आदि थे।

## पीसीपीएनडीटी टीम की बड़ी कार्रवाई

■ आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण
■ अवैध लिंग चयन के खिलाफ सख्त रुख

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) डा. केके अग्रवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में जनपद के रुद्रपुर ब्लॉक में (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित विशेष निरीक्षण टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने क्षेत्र के आठ प्रमुख अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासनिक और चिकित्सा विशेषज्ञों की इस संयुक्त टीम का नेतृत्व प्रभारी नायब तहसीलदार राधे श्याम राणा ने किया। टीम में राजस्व विभाग से लेखपाल विक्रम सिंह, चिकित्सा क्षेत्र से वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. नम्रता त्रिपाठी, जिला समन्वयक प्रदीप महर पीसीपीएनडीटी और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य सहित अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने रिदम इकोकार्डियो सेंटर, थिंड पशु चिकित्सालय (विशिष्ट जांच), सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, जीवनदीप हॉस्पिटल, सुरभि हॉस्पिटल सुरभि IVF सेंटर, वाहेगुरु अल्ट्रासाउंड केंद्र, रूद्र



अल्ट्रासाउंड सेंटर। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाना और 'पीसीपीएनडीटी एक्ट' के प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान टीम ने केंद्र में उपलब्ध लॉग-बुक और डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया। केंद्रों पर पीसीपीएनडीटी एक्ट से संबंधित अनिवार्य बोर्ड और चेतावनी संदेशों की उपलब्धता की जांच की गई। निरीक्षण टीम ने स्पष्ट किया कि किसी भी केंद्र पर अवैध रूप से भ्रूण के लिंग का निर्धारण पाए जाने पर संबंधित संस्थान का पंजीकरण तत्काल निरस्त कर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। डा. नम्रता त्रिपाठी ने केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तकनीकी खामियों को तुरंत सुधारें और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

## 27 सूत्रीय मांगों पर अड़े डिप्लोमा इंजीनियर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत/लोहाघाट।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर संगठन द्वारा अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया गया धरना-प्रदर्शन आज 15वें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने से आंदोलनकारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

हड़ताल का सीधा असर जिले के तकनीकी विभागों पर पड़ा है, जहां कामकाज पूरी तरह ठप हो चुका है। सड़क, सिंचाई, निर्माण समेत तमाम विभागों में विकास कार्य बाधित हो गए हैं, जिससे आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरना स्थल लोहाघाट में आयोजित सभा में संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल राम कालाकोटी की अध्यक्षता और किशोर राठौर के संचालन में इंजीनियरों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि लगातार 15 दिन बीत जाने के बावजूद सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने उनकी मांगों पर बातचीत तक नहीं की, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आंदोलन में शामिल इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वार्ता शुरू नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी 12 विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। सभा में परमानंद पुनेठा, सचिन पुनेठा, बुद्धि शर्मा, दीपचंद कंडवाल, मनोज कुमार बिष्ट, जितेंद्र कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, अंकित कुमार, गौरव बिष्ट, हरि. चंद्र, नीरज पुजारी, पंकज राय, पंकज पटवा, कमल भट्ट, सुभाष पांडे, विनीत भट्ट, चेतन मौनी, हयात राम, प्रकाश और प्रमोद खर्कवाल सहित कई इंजीनियरों ने सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की।

## एक नजर

## राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में 16 अप्रैल को रक्तदान शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता



**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में आगामी 16 अप्रैल 2026 को रक्तदान शि. विर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड एवं वीरा फाउंडेशन, देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अनुपमा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों के लिए जीवनदायी है, बल्कि इससे रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने समस्त टनकपुर क्षेत्र के नागरिक. ों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। शि. विर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को वीरा फाउंडेशन, देहरादून की ओर से प्रमाण पत्र, जलपान एवं प्रोत्साहन स्वरूप मेडल प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक रक्तदाता महाविद्यालय परिसर में संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। यह शिविर सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के साथ ही मानवता की सेवा का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

**युवाओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील**

## खटीमा के साहित्यकार राम रतन को मिला काव्य शिल्पी सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** साहित्यकार व कवि राम रतन यादव को बरेली में आयोजित एक कार्यक्रम में काव्य शिल्पी सम्मान से अलंकृत किया गया।



बीते रविवार को खुशलोक अस्पताल के सभागार में अखिल भारतीय आध्यात्मिक काव्य धारा संस्था रामपुर बरेली द्वारा आयोजित वृहद कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह तथा पुस्तक लोकार्पण में खटीमा से राम रतन यादव को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्था द्वारा अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न के साथ काव्य धारा काव्य शिल्पी सम्मान से अलंकृत किया गया। इस मौके पर निरुपमा अग्रवाल, सत्यवती सिंह, राम कुमार कोली, निमिषा काव्यमाला, रणधीर प्रसाद गौड़, शिव कुमार चंदन, रामधनी निर्मल, रमेश शर्मा आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राज शुक्ल गजल राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कमल आनंद ने किया तथा विनय सागर मुख्य अतिथि रहे। राम रतन यादव को सम्मानित होने पर राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजलि कपिल, तारा भट्ट, तारा राणा, विजय कुमार, आरती धामी, नीलम, आक. ाश, दीपा पांडे, रिंकू राणा तथा पूजा राणा आदि ने बधाई दी।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

■ कार्यक्रम के बीच इस्तीफे ने खींचा सबका ध्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर/बनबसा।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्र भर में कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसे उत्साहपूर्वक मनाया गया। जगह-जगह पार्टी के झंडे लगाए गए, विचार गोष्ठियां आयोजित हुईं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा।

इसी बीच बनबसा क्षेत्र से एक मामला सामने आने के बाद यह आयोजन चर्चा का विषय बन गया।



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बनबसा मंडल अध्यक्ष सफी अहमद द्वारा कार्यक्रम के दौरान ही अपना इस्तीफा दिए जाने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि सफी अहमद ने अपने इस्तीफे में पार्टी के कुछ पदाधिकारियों पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहने के बावजूद उन्हें उचित महत्व नहीं दिया गया, जिससे आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाया।

सूत्रों के अनुसार, इस्तीफे की प्रति भाजपा मंडल अध्यक्ष को भेजी गई है, जिससे संगठन के भीतर हलचल मच गई है। स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बताते हुए कहा कि यह संगठन की मजबूती का प्रतीक है और इस तरह की व्यक्तिगत नाराजगियां पार्टी के बड़े उद्देश्य को प्रभावित नहीं करेंगी। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस मामले को किस तरह सुलझाता है और क्या सफी अहमद के आरा. ेपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आती है।

## बेलबंद गांव में ओपन जिम बना आकर्षण का केंद्र

■ बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बनबसा।** बेलबंद गांव के समीप स्थापित ओपन जिम इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां बच्चे, युवा और बुजुर्ग प्रतिदिन पहुंचकर व्यायाम कर रहे हैं और स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

ओपन जिम की स्थापना के बाद से क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर विभिन्न उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। खास बात यह है कि बच्चे जहां खेल-खेल में व्यायाम का आनंद ले रहे हैं, वहीं उनके



अभिभावक भी फिटनेस के प्रति जागरूक होते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले उन्हें व्यायाम के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव के पास ही यह सुविधा मिलने से काफी सहूलियत हो गई है। इससे न केवल स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होगा।

ओपन जिम बनने से खुश बच्चों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं गांवों में धामी सरकार द्वारा लगवाई जा रही हैं जिससे सभी लोग स्वस्थ रह सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में भी इस प्रकार की जनहितकारी योजनाओं को और अधिक बढ़ावा दिया जाए, ताकि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## मंडी परिसर में चल रहे 25 सेंटरों में खाद्य विभाग के सेंटर ने खोला खरीद का खाता

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** गेहूं खरीद की निर्धारित तिथि के छठवें दिन खाद्य विभाग ने मंडी परिसर के क्रय केन्द्र में 42 क्विंटल गेहूं खरीद कर खरीद का खाता खोला है। इसके अतिरिक्त मंडी परिसर में संचालित 24 तथा ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे 10 क्रय केन्द्रों में अभी गेहूं खरीद की शुरुआत नहीं हो सकी है। मंडी परिसर में खाद्य विभाग के दो क्रय केन्द्रों सहित अन्य सहकारिता, एनसीसीएफ तथा पीसीयू के 25 सेंटर चल रहे हैं। एडीओ सहकारिता ललित राणा ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सेंटरो में अभी एक दाना गेहूं नहीं तौला गया है। एस.एम.आई के.सी. आर्य ने बताया कि खाद्य विभाग के सेंटर में 42 क्विंटल गेहूं की तौल हुई है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए सहकारिता विभाग, एनसीसीएफ, पीसीयू के 10 सेंटर ग्राम बानूसा, गांगी, नदन्ना, सरपुड़ा, खेलड़िया, चंदेली, छिनकी, कुमराहा, नौगवांठग्गू सहित बग्गा 54 में संचालित किया जा रहे हैं। फिलहाल 42 क्विंटल गेहूं खरीद कर खाद्य विभाग ने खरीद का खाता खोल लिया है।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कोर्ट परिसर के समीप निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त पार्किंग में लगभग

■ पार्किंग निर्माण में तेजी और गुणवत्ता के दिए निर्देश

43 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिसकी कुल लागत ₹6.76 करोड़ निर्धारित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्किंग का निर्माण कार्य दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 12 पार्किंग स्थलों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से 6 पार्किंग पूर्ण हो चुकी हैं। शेष पार्किंग कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग के पूर्ण होने से कोर्ट परिसर में आने वाले आमजन को सुविधा मिलेगी तथा शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो सकेगी।

## गरीबी से जंग जीतकर शिखर पर पहुंचे जहीर अब्बास

### संघर्ष को दी मातः हासिल किया 'शैलेश मटियानी राज्य शिक्षक पुरस्कार'

■ पिता की असमय मौत और गरीबी के बीच भी नहीं टूटा हौसला
■ मां की मेहनत ने लिखी सफलता की कहानी
■ कोयले से दरवाजों पर लिखकर की पढ़ाई, जुनून ने दिलाई राज्य स्तरीय पहचान
■ मदरसे से शुरू हुआ सफर, राज्य शिक्षक पुरस्कार तक पहुंची मेहनत की मिसाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** जनपद चंपावत की ग्राम पंचायत मनिहारगोठ के एक साधारण परिवार से निकलकर असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले शिक्षक जहीर अब्बास आज शिक्षा जगत में प्रेरणा का नाम बन चुके हैं। हाल ही में उन्हें प्रतिष्ठित शैलेश मटियानी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उनके वर्षों के संघर्ष, समर्पण और मेहनत का परिणाम है।

जहीर अब्बास का जीवन आसान नहीं रहा। प्राथमिक शिक्षा उन्होंने गांव के मदरसे से प्राप्त की, जबकि कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने खटीमा डिग्री कॉलेज से बीएससी की शिक्षा हासिल की और आगे बढ़ते हुए एमए तथा बीएड की पढ़ाई पूरी कर शिक्षक बनने का सपना साकार किया।



लेकिन यह सफर बिल्कुल सरल नहीं था। जब वह मात्र 4 वर्ष के थे, तभी उनके पिता महमूद खान का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई। घर चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां कदीरन खातून और बड़ी बहन जरीना खातून के कंधों पर आ गई। मां ने कपड़े सिलकर और मजदूरी करके बच्चों की पढ़ाई जारी रखी।

### कठिनाइयों में भी नहीं टूटा हौसला

आर्थिक तंगी के बावजूद जहीर अब्बास ने कभी हार नहीं मानी। पढ़ाई के प्रति उनका जुनून इतना था कि वह रात में कोयले से दरवाजों पर गणित और विज्ञान के सवाल लिखकर अभ्यास किया करते थे। यह उनकी लगन और सीखने की भूख को दर्शाता है।

उनकी मां ने हमेशा उन्हें अनुशासन, ईमानदारी और शिक्षा के महत्व का पाठ पढ़ाया। यही संस्कार आज भी उनके व्यक्तित्व में साफ झलकते हैं। उनकी दोनों बहनों ने भी हर कदम पर उनका साथ दिया, जिससे वह अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ते रहे।

### परिवार और पत्नी का मिला साथ

शादी के बाद उनकी पत्नी निशा जहीर, जो स्वयं एक अध्यापिका हैं, ने भी उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल पारिवारिक जिम्मेदारियों को संभाला, बल्कि जहीर अब्बास को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित किया। जहीर अब्बास स्वयं मानते हैं कि उनकी सफलता में उनकी पत्नी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।

### गुरुओं का आशीर्वाद बना मार्गदर्शक

जहीर अब्बास अपने गुरुओं को भी अपनी सफलता का श्रेय देते हैं। विशेष रूप से अपने उस्ताद मरहूम कलीम साहब को वह याद करते हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन में सही दिशा दी और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### आज बने प्रेरणा स्रोत

आज जहीर अब्बास न केवल एक शिक्षक हैं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। उनकी कहानी उन सभी के लिए एक संदेश है जो कठिनाइयों से घबराकर अपने सपनों को छोड़ देते हैं। जहीर अब्बास ने यह साबित कर दिया कि संघर्ष चाहे जितना भी बड़ा क्यों न हो, सफलता एक दिन जरूर कदम चूमती है।

## मुख्यमंत्री नौ अप्रैल को खटीमा में

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** खटीमा में नौ अप्रैल को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सेवा शौर्य सम्मान समारोह को सम्बोधित करेगें व नव निर्मित सीएसडी कैन्टीन का लोकार्पण करेंगे। वीसी के माध्यम से कार्यक्रम की तैयारियों की बैठक लेते हुए उपाध्यक्ष राज्य आपदा



प्रबंधन प्राधिकरण विनय रूहेला ने सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कार्यक्रम में पूर्व सैनिक व वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने खटीमा में सेवा शौर्य सम्मान समारोह व सीएसडी कैंटीन लोकार्पण कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित पार्किगं की व्यवस्था के साथ ही पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी व अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी आदि मौजूद थे।

## भागवत कथा के श्रवण के सारे मनोरथ हो जाते हैं पूर्णः भट्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बनबसा।** व्यक्ति यदि अपने जीवन काल में किसी कारण बस तीर्थ के दर्शन नहीं कर पाता है तो इससे निराश होने की कोई जरूरत नहीं है ऐसा व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण कर ही अपने सारे मनोरथ और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता हैस यह बात बमनपुरा ग्राम सभा के भूमिया मंदिर में चल रहे 12 दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा दूसरे दिन व्यास गद्दी पर विराजमान कथा वाचक कैलाश चंद्र भट्ट ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि तीर्थाटन के अलावा भगवत प्राप्ति और मोक्ष प्राप्त करने के कई अन्य मार्ग भी हमारे शास्त्रों में बताए गए हैं उनमें से कथा का श्रवण करना भी एक है।

इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी, त्रिलोचन जोशी, विमल सजवान, नवीन जोशी, दीपू रौतेला, अशोक जोशी, केतन भट्ट आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में युवती समेत तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पुलिस के अनुसार ग्राम कैधुलिया नानकमत्ता निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि एक अप्रैल को उसकी पुत्री आंचल राना रिश्तेदार संदीप सिंह राना के साथ बाइक से कंपनी में काम करने के लिए रुद्रपुर सिडकुल जा रही थी। सिडकुल ब्रिटानिया फैक्ट्री के पास पीछे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे पुत्री छिटक कर रोड पर गिर गई। जबकि संदीप को ट्रक बाइक समेत कुछ दूर तक घसीट ले गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इधर, गांधीनगर बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी मोहन देवराड़ी ने बताया कि उनका पुत्र हरीश अपने दोस्त भुवन पांडे के साथ नगला बाईपास की ओर बाइक से जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनका पुत्र हरीश देवराड़ी व साथी भुवन पांडे घायल हो गए। थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत ने बताया कि कार और ट्रक के अज्ञात चालक पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

## मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 8 से 11अप्रैल तक

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में 8 अप्रैल से चार दिवसीय दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नेत्र रोग, बाल रोग एवं जनरल मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का परीक्षण और उपचार करेंगे। आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद जी महराज के अनुसार, कोलकाता से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मायावती के लिए रवाना हो चुकी है और शिविर के दौरान क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हालांकि, ईएनटी (कान, नाक, गला) सर्जन के अचानक अस्वस्थ हो जाने के कारण इस बार ईएनटी से संबंधित सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराएं।

## हिन्दू शौर्य यात्रा में भगवा रंग में नजर आया रम्पुरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** हिंदुत्व के लिए मुखर रहने वाले विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में रम्पुरा में हिन्दू शौर्य यात्रा का आयोजन हुआ, जहां हजारों लोगों ने यात्रा मे प्रतिभाग किया। वहीं युवाओं महिलाओं में भगवा झंडे को लेकर एक दीवानगी नजर आई जो जय श्री राम, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं के नारों के साथ रम्पुरा के प्रमुख स्थानों से निकले पैदल निकले। वहीं हिन्दू शौर्य यात्रा रम्पुरा दुर्गा मन्दिर से प्रारम्भ हुई, जहां विधायक शिव अरोरा ने दुर्गा माई के चरणों मे नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक बोले रम्पुरा जो धार्मिक आयोजन व हिंदुत्व के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेता आया है, वहीं आज इस शौर्य सम्मान यात्रा में जिस प्रकार जनसमूह नजर आ रहा है यह बताता है रम्पुरा की जनता सनातन को प्रेम करने वाली है, हिंदुत्व के लिए समर्पित रहती है। रम्पुरा के महिलाओं युवा का संकल्प है जो धर्म हमारी हिन्दू संस्कृति की बात करेगा रम्पुरा सदैव उसके साथ खड़ा नजर आया है। यह हिन्दू शौर्य यात्रा दुर्गा मन्दिर से होते हुए कटोरी मन्दिर से काली मन्दिर होते हुए गुरुद्वारा रोड




से सनशाइन स्कूल होकर शिव मन्दिर चौरासी घंडा मन्दिर समापन हुआ। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, बिट्टू शर्मा, प्रीत ग्रोवर, गिरीश पाल, चन्द्रसेन चंदा, महेश कोली, गजेंद्र प्रजापति, जितेंद संधू, राजेश गुप्ता, जितेंद हुंडल, किशन कोली, राज कोली, मोहित कोली, रवि, वीरू, राजू श्रीवास्तव, गुन्नू चौधरी, बिट्टू मिश्रा, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला, सौरभ गुप्ता, संतोष गुप्ता, संतोष पाल, मोहित पांडा, शिवकरण, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, अर्चना राय, ममता श्रीवास्तव, सुनील बाल्मीकि,मोर सिंह, छेदालाल पाल भीमसेन गुप्ता, पिंटू पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में डीएम सख्तः पेयजल शिकायतों पर नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जनसुनवाई दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 57 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों प्रकार की समस्याएं शामिल रहीं।

जनसुनवाई के दौरान सड़क, पेयजल, विद्युत, पेंशन, राजस्व, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित अनेक समस्याएं सामने आईं। मूनाकोट क्षेत्र से जाख पंत द्वारा विण ब्लॉक अंतर्गत बेडख्रगोगनाख्रसेल सल्ला मोटर मार्ग में सुरक्षा हेतु स्टील गार्डर निर्माण की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त ग्राम लेलू में खेल मैदान की सुरक्षा दीवार, ग्राम उसैल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था, चंडिकाघाट कुसेल, तुला क्षेत्र में कटान रोकथाम, अवैध खनन पर रोक, मुआवजा वितरण एवं आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्यों की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। धारचूला क्षेत्र की युवा समिति पाँगला द्वारा आदि कैलाश/ओम पर्वत मार्ग में एम्बुलेंस एवं फर्स्ट एड किट



की व्यवस्था तथा पांगला क्षेत्र में गैस सिलेंडर सुविधा प्रारंभ करने की मांग भी रखी गई। साथ ही निजी विद्यालयों की जांच, गंगोलीहाट क्षेत्र में जल जीवन मिशन कार्यों की पारदर्शिता तथा भूमि विवादों के निस्तारण से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निस्तारण के उपरांत आख्या समय से प्रस्तुत करना भी अनिवार्य किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में सुनी 88 फरियादियों की समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जन समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार का अंदाज प्रशासनिक व्यवस्था में एक अलग पहचान बना रहा है। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में इसका एक बार फिर जीवंत उदाहरण देखने को मिला, जब डीएम ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए 88 फरियादियों की समस्याओं को न सिर्फ गंभीरता से सुना, बल्कि उनके समाधान के लिए मौके पर ही ठोस निर्देश भी दिए। करीब 6 घंटे तक चले जनता दरबार में डीएम मनीष कुमार ने हर व्यक्ति को अपने पास बैठाकर उसकी समस्या सुनी। उनके सहज और संवेदनशील व्यवहार से ही फरियादियों का आधा दर्द कम होता नजर आया, जबकि शेष राहत त्वरित कार्रवाई के भरोसे से मिली। इस दौरान डीएम ने पूर्व में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की भी फरियादियों के सामने ही समीक्षा की। उन्होंने साफ कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# इंस्पेक्टर से डीएसपी बने चंचल शर्मा

## हाईकोर्ट विजिलेंस में पीपिंग सेरेमनी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड पुलिस में कर्तव्यनिष्ठा और लंबी सेवा का सम्मान करते हुए हाईकोर्ट विजिलेंस इकाई में तैनात अधिकारी चंचल शर्मा को निरीक्षक (सिविल पुलिस) से पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार विजिलेंस सुबीर कुमार और एसपी विजिलेंस राजेश भट्ट ने चंचल शर्मा के कंधों पर यूपीएस बैच लगाकर उन्हें नए पद पर औपचारिक रूप से अलंकृत किया। अधिकारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं, साथ ही उनके अब तक के सेवाकाल में अनुशासन, समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की। उन्होंने बताया कि चंचल शर्मा ने वर्ष 2002 में उपनि. रीक्षक के रूप में पुलिस विभाग में अपनी सेवा शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने ऊधम सिंह नगर, चमोली, विजिलेंस हल्द्वानी तथा सीबीसीआईडी हल्द्वानी व पिथौरागढ़ सहित विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 2016 में उन्हें निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया था। कार्यक्रम में दीपक सिंह बिष्ट, पुरुषोत्तम डुंगरियाल तथा कपिल कन्याल समेत विजिलेंस इकाई का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# उपनल संविदा कर्मचारी संघ की अवमानना याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई

## पेश किए गए संघ के प्रार्थना पत्र पर आज भी जारी रहेगी सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ हल्द्वानी की अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद संघ द्वारा पेश किये गए प्रार्थनापत्र के आधार पर न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रखी है। कोर्ट ने मंगलवार (आज) तक राज्य सरकार से पूछा है कि इनकी नियमतिकरण करने के लिए कया अभी तक कदम उठाए गए हैं, मंगलवार (आज) तक राज्य सरकार कोर्ट को अवगत कराएं। अभी तक सरकार ने कयों कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया है वह भी मंगलवार (आज) तक कोर्ट को बताएं जबकि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय कई याचिकाओं में इनके नियमितिकरण करने को लेकर दिशा निर्देश जारी कर चुका है। मामले के अनुसार सोमवार को संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष वाद को मेंशन करते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया, न ही इसे उच्च न्यायलय के रिकार्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर (उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुख्य सचिव उत्तराखंड) की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दी दो हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के चंपावत जिले के कफरा स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं। बता दें स्थानीय निवासी रणजीत सिंह बोरा की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभाकर जोशी और भूपेश बिष्ट की ओर से कहा गया कि चंपावत जिले के सुदूर कफरा में 16 किमी के दायरे में एकमात्र राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मौजूद है। हाईस्कूल पास करने के बाद यहां के लगभग 15 गांवों के छात्र छात्राओं को आगे की शिक्षा के लिये भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यहां एक भी इंटर कालेज मौजूद नहीं है। यहां की जनता वर्षों से इस विद्यालय के उच्चीकरण की मांग करती आ रही है। इस मामले में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है लेकिन लंबे समय से शासन ने इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है अभी भी यह मामला लंबित है।

## एक नजर...

### पंतनगर विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में कल (आज) उत्तराखंड के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी और सांसद अजय भट्ट भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में कुल 1395 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएगी, और सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत, और कांस्य पदक सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, कुलाधिपति द्वारा विद्यार्थियों को दीक्षा भाषण भी दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### बीएड के परीक्षाफार्म आज से भरे जाएंगे

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के उप परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक विवि की ओर से व्यवसायिक पाठ्यक्रम के तहत बीएड प्रथम सेमेस्टर (मेन परीक्षा) की परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जाने के लिए समर्थ पोर्टल 7 अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल बुधवार तक खोला जा रहा है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से गुजारिश की है कि वह हर हाल में 15 अप्रैल तक आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र व निर्धारित शुल्क जमा करें।

### पीड़ित परिवार ने एसडीएम से की शिकायत

**कालाढूंगी।** ग्राम लछमपुर नयाबाद के निवासी नरी राम, देवी राम, दया किशन और दुर्गा प्रसाद ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी बिपिन पंत से मुलाकात की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पड़ोसी प्रेमा कर्नाटक और उसके परिवार ने उनकी भूमि पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर दिया और धमकाकर कब्जा कर लिया। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि पर कृषि कार्य किया जा रहा था, लेकिन बिना किसी कारण के अकृषक घोषित कर दी गई। इसके बावजूद, रिसॉर्ट निर्माण के नाम पर उनकी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। परिवार ने इस अतिक्रमण को रोकने और भूमि की पैमाईश कराने की मांग की। उपजिला. धिकारी बिपिन पंत ने तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी को निर्देशित कर शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। भीम फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राज अम्बेडकर ने भी पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर आरोपियों के खिलाफ न्याय की मांग की। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, मदन चंद्र, जगदीश चंद्र और नंदलाल भी मौजूद रहे।

### नैनीताल में दो दिन बाद गैस आपूर्ति शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में दो दिन तक गैस आपूर्ति बाधित रहने के बाद सोमवार को फिर से गैस वितरण शुरू हुआ तो विभिन्न क्षेत्रों में सिलेंडरों के लिए लंबी कतारें लग गईं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कुछ लोग बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौट गए। बता दें कि सोमवार सुबह से ही नैनीताल के कई क्षेत्रों में उपभोक्ता गैस वितरण केंद्रों पर पहुंचने लगे। बारिश के बावजूद लोग लाइन में खड़े रहे। भीड़ अधिक और सिलेंडर कम होने के कारण सभी को समय पर सिलेंडर नहीं मिल सका जिससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। इंडेन गैस सर्विस की पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर आकांक्षा पांडे ने बताया कि सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में सीमित संखया में सिलेंडर वितरित किए गए। बीडी पांडे क्षेत्र में 65, धर्मशाला क्षेत्र में 50, स्टाफ हाउस में 50, स्टोनले कंपाउंड में 50, हाई कोर्ट क्षेत्र में 35 और गैरी खेत/पॉलिटेनिक क्षेत्रों में 15 सिलिंडर बांटे गए। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है और सभी उपभोक्ताओं को जल्द सिलेंडर मुहैया कराए जाएंगे। उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की गई है।

### अगले ही दिन बेअसर दिखा अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में टैक्सी बाइकों के खिलाफ चलाए गए ताबड़तोड़ अभियान का असर दूसरे ही दिन फीका पड़ता नजर आया। रविवार को 13 वाहन सीज और 115 चालान किए जाने के बावजूद सोमवार को मालरोड क्षेत्र में फिर से प्रतिबंधित टैकसी बाइकें सड़कों पर दौड़ती दिखीं। इतना ही नहीं कई बाइकें नो पार्किंग जोन में खड़ी भी नजर आईं। गौरतलब है कि रविवार को तल्लीताल और मल्लीताल पुलिस के साथ यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की थी। इसके बावजूद नियमों का पालन न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि सोमवार को भी मल्लीताल व तल्लीताल में पुलिस की ओर से अभियान चलाकर सोमवार को भी 110 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई है। लेकिन उसके बाद भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। मामले में सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बजून व मंगोली में भी नहीं खुलेंगी शराब की दुकानें, प्रशासन का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली व बजून क्षेत्र में शराब की दुकानों के विरोध में चल रहा ग्रामीण महिलाओं का आंदोलन आखिरकार सफल हो गया।



प्रशासन ने सोमवार को नौवें दिन विवादित शराब की दुकानों को निरस्त कर दिया जिसके बाद महिलाओं ने नौवें दिन अपना धरना समाप्त कर दिया। शराब की दुकानों के विरोध में धरने के दौरान महिलाओं ने उग्र रुख अपनाते हुए रविवार को आत्मदाह की चेतावनी दी थी और सोमवार को प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने से महिलाओं ने सड़क पर बैठ चक्काजाम कर विरोध जताया था। इससे सड़क पर लंबा जाम लग गया और यातायात ठप हो गया। लगातार बढ़ते जनदबाव और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच कर संबंधित दुकानों को निरस्त करने का निर्णय लिया। आबकारी विभाग की ओर से मौके पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक नैनीताल देवेंद्र सिंह बिष्ट ने महिलाओं से लिखित रूप में कहा कि खुर्पाताल तथा मंगोली व बजून क्षेत्र में किसी भी प्रकार की मदिरा की दुकान नहीं खोली जाएगी। स्थानीय जनता के विरोध को देखते हुए संबंधित दुकानों को निरस्त करने के साथ अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह कार्रवाई की गई है। लिखित रूप में आश्वासन मिलने के बाद महिलाओं ने धरना समाप्त कर दिया। धरना समाप्त करते हुए महिलाओं ने कहा कि यह उनकी एकजुटता और लंबे संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में शराब की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की प्रतिष्ठित शिल्पकार सभा की ओर से 14 अप्रैल मंगलवार को आयोजित होने जा रही भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के विशेष मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की कामयाबी के लिए सभा परिवार की ओर से प्राथमिकता से तैयारियां भी शुरु कर दी गयी हैं। शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा के मुताबिक 13 अप्रैल सोमवार को नैनीताल नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में तीन वर्गो सबजूनियर जूनियर एवं सीनियर तथा भाषण प्रतियोगिता में दो वर्ग जूनियर और सीनियर वर्गों के प्रतिभागी भाग लेंगे जबकि 14 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 11 बजे सभा के सभी सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं डीएसए मैदान मल्लीताल में एकत्रित होंगे, वहां से एक भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होकर मल्लीताल मालरोड होते हुए तल्लीताल स्थित डा. अंबेडकर मूर्ति स्थल तक पहुंचेगी जहां माल्यार्पण किया जाएगा। इसके उपरांत अपराह्न 1 बजे से डा. अंबेडकर भवन तल्लीताल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण गोष्ठी की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में तुला राम (सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग) उपस्थित रहेंगे। गोष्ठी में समता, समानता एवं बंधुत्व के विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। दूसरी ओर सभा के महामंत्री राजेश लाल ने नैनीताल के समस्त नागरिकों समेत सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की है कि वह सभा की ओर से आयोजित दो दिनी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### पुलिस कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से आग, मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित पुलिस कार्यालय में सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान मीटर की तार जलने से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तत्काल आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। कार्यालय में मौजूद अग्निशामक यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के चलते मीटर में आग लगी थी। एहतियात के तौर पर तुरंत शटडाउन लिया गया और आग की स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस घटना में एसपी कार्यालय का सप्लाई मीटर भी फुंक गया। बताया कि शटडाउन लेकर जले और चिपके तारों को अलग किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कार्यालय की विद्युत आपूर्ति को सुचारू कर दिया गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का वास्तविक नाम खेमपाल है, जबकि मेरे दस्तावेज़ों में भूलवश खेकपाल अंकित हो गया है। भविष्य में मेरे पिता को वास्तविक नाम खेमपाल के नाम से जाना व पहचाना जाए। राजू पुत्र खेमपाल, आज़ाद नगर वार्ड 2, किच्छा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड)।

# बेवक्त व अनियंत्रित डाइट से बॉडी क्लॉक पर पड़ सकता है असर

## संतुलित और समय पर भोजन लेना जरूरी: डा. महिमन दुग्ताल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अनियमित जीवनशैली, खानपान और बेवक्त डाइट लेने की आदत लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। गलत समय पर भोजन करने और डाइट में संतुलन की कमी के कारण शरीर की आंतरिक जैविक घड़ी यानी बॉडी क्लॉक प्रभावित हो रही है जिससे कमजोरी सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि शरीर की बॉडी क्लॉक भोजन, नींद और दैनिक गतिविधियों के समय पर निर्भर करती है। जब लोग देर रात खाना खाते हैंए सुबह नाश्ता छोड़ देते हैं या दिनभर अनियमित अंतराल पर भोजन करते हैं तो इससे पाचन तंत्र पर असर पड़ता है।

परिणामस्वरूप शरीर को जरूरी पोषक तत्व सही समय पर नहीं मिल पाते और व्यक्ति थकान तथा कमजा. ेरी व सुस्ती महसूस करने लगता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ऐसी आदतें बनी रहने पर मोटापा, मधुमेह तथा हार्मोनल असंतुलन और पाचन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर युवाओं में फास्ट फूड और अनियमित लाइफ स्टाइल के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। डा. दुग्ताल के मुताबिक स्वस्थ रहने के लिए तय समय पर संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। सुबह का नाश्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए और दिन में तीन से चार बार हल्काए पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। इसके साथ ही पर्याप्त पानी पीना और नियमित नींद लेना भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी दिनचर्या में सुधार लाएं और बॉडी क्लॉक के अनुरूप खानपान अपनाएं ताकि शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहे।

### कलेक्ट्रेट में डीएम का जनता दरबार

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की लगभग 20 समस्याओं का समाधान किया गया। इसके बाद, डीएम ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग ने 50 प्रतिशत से कम शिकायतों का समाधान किया और 80 प्रतिशत से कम शिकायतकर्ताओं को फोन कॉल किया, तो संबंधित अधिकारियों का मासिक वेतन रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, सरयू और गोमती नदियों में अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई और मीट मार्केट से फैल रही गंदगी के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# वाल्मीकि सभा नैनीताल: गिरीश भैया अध्यक्ष, तो दिनेश कटियार बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका सभागार में वाल्मीकि सभा के पंचवर्षीय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। चुनाव में विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। चुनाव में 769 मत पाकर गिरीश भैया अध्यक्ष, 549 पद हासिल कर संजय सौदा उपाध्यक्ष जबकि 791 मत पाकर दिनेश कटियार ने सचिव तथा 751 मत हासिल कर उपसचिव पद पर अभिषेक मुल्तानिया ने जीत दर्ज की। इससे पूर्व नगरपालिका सभागार में सुबह 8 बजे से वाल्मीकि सभा की चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई जो कि शाम 5 बजे तक जारी रही। नगरपालिका सभागार में पुरुषों और मनोरंजन कलब सभागार में महिलाओं के लिए मतदान केंद्र बनाया गया था। दिन भर चुनाव की सरगर्मियां जारी रही जिसके बाद शाम को 6 बजे से काउंटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई जो कि देर रात को चुनाव परिमाणों की घोषणा की गयी। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर पुलिस की तैनाती भी की गई थी। बता दें अध्यक्ष पद पर गिरीश भैया और मनोज पवार, उपाध्यक्ष पद पर अमित सहदेव, संजय सौदा, अजय तथा राजा भाई वहीं सचिव पद पर राहुल पुजारी और दिनेश कटियार जबकि उपसचिव पद पर रवि कुमार तथा अभिषेक मुल्तानिया ने अपनी दावेदारी की थी। इस दौरान मुखय चुनाव अधिकारी महेश कुमार, चुनाव अधिकारी प्रदीप सहदेव, चुनाव प्रभारी कमल कटियार, मतदान अधिकारी प्रशांत पवार, अनिल कटियार, संजय भगत, दिनेश रत्नाकर, गौरव हार्पर, रोहित कैसले, अजय कुमार, पूरन, जगदीश गौड तथा राहुल व हितेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# 2027 के लिए कमर कस लेने का आह्वान

## नैनीताल में कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल मंडल में सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा अनुसूचित मोर्चा के प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में सबसे पहले मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और पार्टी की रीति व नीतियों से अवगत कराया तथा 2027 के चुनाव में तन मन धन से लगने का आह्वान किया। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी सभी को बधाई दी और अनुशासन में रहने की सीख दी वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट ने पार्टी का इतिहास बताते हुए सभी को इस पर गर्व करने को कहा जबकि पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी ने सभी को बधाई देते हुए पार्टी के प्रति सच्चाई से मेहनत करने को कहा। समारोह में मंडल के महामंत्री हरीश सिंह राणा ने पार्टी में अनुशासन को प्रमुखता दी।

समारोह के संयोजक शैलेंद्र बर्गली एवं मीरा बिष्ट रहे। समारोह में प्रो. ललित तिवारी, डा. भुवन चंद्र आर्य, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, विकाश जोशी, आशीष बजाज, मयंक पंत, भारत मेहरा, युवराज करायत, हेमंत वेदी, लाल सिंह बिष्ट, दया बिष्ट, कलाव. ती अस्वाल, भगवत सिंह रावत, पूरन सिंह बिष्ट, गजाला कमाल, कविता गंगोला, गौरव हारपर, रितुल कुमार, कमल जोशी, प्रेम सागर, प्रदीप कुमार, सन्तोष साह, शैलेन्द्र बिष्ट, बची चन्द, ज्योति ढौंढियाल, अमिता साह, दीपिका बिनवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में बनदेमातरम के साथ प्रारंभ हुए इस समारोह को राष्ट्रगान के साथ समाप्त किया गया। अंत में मिषठान विवरण हुआ। संचालन मोहित शाह ने किया।



# जनगणना के लिए प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आगामी 25 अप्रैल शनिवार से प्रारंभ होने वाले जनगणना कार्य के प्रथम चरण हेतु नैनीताल जिले के सभी तहसील स्तरों पर व नगर क्षेत्र में कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विभिन्न बैचों में संपन्न हो गया। बता दें नैनीताल नगरीय क्षेत्र में जनगणना हेतु कार्मिकों का प्रशिक्षण राज्य संपति विभाग के नैनीताल स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेंद्र नेगी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसी प्रकार जिले के अन्य स्थानों भीमताल, धारी तथा रामनगर के विभिन्न स्थानों में भी जनगणना संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिला. धिकारी नेगी ने अवगत कराया की प्रथम चरण में मकानों को सूचीकरण करते हुए उनकी गणना की जाएगी। मकान का सूचीकरण का संपूर्ण कार्य डिजिटल ऐप के माध्यम से होगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने संस्थागत एवं गैर संस्थागत परिवारों की पहचान एवं मकान के चिह्नीकरण के बारे में बताया। इसी प्रकार शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान भीमताल में प्राचार्य सुरेश कुमार की उपस्थिति में एवं शिक्षा भवन नैनीताल में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। शिक्षा भवन में आयोजित प्रशिक्षण में मुख्य शिक्षाधिकारी ने आंकड़ों की सटीकता और समयबद्धता पर जोर दिया। शिक्षा भवन में प्रशिक्षण कमल सिंह मेहरा, सहायक जनगणना चार्ज तथा अपर सांख्यिकी अधिकारी, अर्थ एवं संख्या विभाग की देखरेख में चलाया जा रहा है जबकि डाइट में प्रशिक्षण अक्षत भट्ट, चार्ज अधिक. ारी तहसीलदार नैनीताल, मास्टर ट्रेनर ज्योतिर्मय मिश्रा तथा संजय गुरुरानी की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कुल 311 में से 295 प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# दस में से पांच मोबाइल टावरों के लिए मिल गई है भूमि

## नैनीताल जनपद में संचार सुविधाओं की और बेहतरी के लिए जिला टेलीकॉम कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में संचार सुविधाएं तथा मोबाइल कनेक्टिविटी सुदृढ़ कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर जिला टेलीकॉम कमेटी की बैठक सोमवार को अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेंद्र नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।



कलेक्ट्रेट सभागार नैनीताल में आयोजित बैठक में विभिन्न संचार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया गया और सभी को निर्देश दिए गए कि जिले में सभी दूरस्थ क्षेत्रों, शैडो/डार्क एरिया में संचार, मोबाइल कनेक्टिविटी सुचारू रखा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नेगी ने कहा कि विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर सभी मोबाइल टावरों को 24 घंटे संचालित रखने हेतु सभी स्थानों में पर्याप्त मात्रा में ईंधन रखने के साथ ही मोबाइल टावरों को सोलर प्रणाली से भी संचालित रखा जाए। बैठक में मंडलीय अभियंता दूरसंचार ने अवगत कराया कि नैनीताल जिले में प्रथम चरण में गत वर्ष 48 स्थानों में 4जी टावर लगाए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई थी इन सभी का कार्य पूरा हो चुका है जो सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले में 10 4जी टावर स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई थी जिसमें से 5 टावरों की स्थापना हेतु भूमि मुहैया हो गई है शेष 5 स्थानों में टावर स्थापना हेतु भूमि चयन प्रक्रिया गतिमान है जिसमें बेलुवाखान, जिरौली, रेकुना, बारगल तथा प्यूड़ा शामिल हैं। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी नेगी ने संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय से क्षेत्र में मुहैया कर उपयुक्त भूमि का संयुक्त निरीक्षण कर उसका चयन करते हुए सभी अभिलेख दूरसंचार विभाग को मुहैया कराएं। बैठक में भारत नेट परियोजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में पोलों के माध्यम से ओएफसी फाइबर बिछाये जाने के कार्यों की समीक्षा करते हुएए अपर जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण एवं संचार विभाग के अधिकारियों व प्रति. निधियों को आपसी समन्वय बनाते हुए समय पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कही पर भी समस्या आने पर तत्काल अवगत कराया जाए। बैठक में अवगत कराया कि भारत नेट परियोजना के अंतर्गत जनपद में गांवों को संचार सुविधा से जोड़े जाने हेतु 477 गांव कवर करने हैं जिसमें से वर्तमान में 288 गांव कवर कर लिए गए हैं शेष कार्य गतिमान है। बैठक में जिओ संचार एजेंसी से आए प्रतिनिधियों द्वारा हल्द्वानी नगर अंतर्गत कालूसांई मंदिर से तीनपानी तथा मंडी के मध्य होने वाले सड़क सुधारीकरण कार्य के दौरान भूमिगत ऑप्टिकल फाइबर कार्य का प्रकरण रखा गया इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, यूयूएसडीए व जिओ कंपनी के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एयरटेल से आये प्रति. निधियों द्वारा जिले के दो स्थानों में मोबाइल टावर लगाए जाने हेतु भूमि मुहैया कराने का अनुरोध प्रशासन के समक्ष रखा। इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों को शीघ्र ही संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए भूमि का चयन कर प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मंडलीय अभियंता दूरसंचार विकास महरा, भारत नेट से परमिंदर सहित लोनिवि, सिंचाई, विद्युत, पीएमजीएसवाई सहित निर्माण एजेंसी के अधिशासी अभियंता, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिक. ारी उपस्थित रहे।

# मुम्बई को भी कड़ी टक्कर देगी राजस्थान

### गुवाहाटी मे दोनो के बीच मुकाबला आज शाम 7: 30 बजे होगा

**गुवाहाटी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुक. ाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है।



उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है, यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है, उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में, ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिग दी है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। रवींद्र जडेजा की हरफनमौला क्षमताओं ने टीम के निचले क्रम को और भी मजबूत बनाया है, जिससे टीम को तेजी से रन बनाने और संतुलन बनाए रखने में मदद मिली है।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम की गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय बनी हुई है। जोफ आर्चर ने अपनी तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के दम पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है, जबकि नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से स्विंग और मूवमेंट का फायदा उठाकर उनका बखूबी साथ दिया है। मध्य ओवरों में, रवि बिश्नोई ने अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करते हुए विकेट लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसमें संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे की अनुशासित गेंदबाजी ने उनका पूरा साथ दिया है। इन व्यक्तिगत प्रयासों के बावजूद, मैच के अलग-अलग चरणों में लगातार नियंत्रण बनाए रखना अभी भी एक बड़ी चुनौती है, जिसकी असली परीक्षा शायद दबाव भरे पलों में ही होगी। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की टीम खड़ी है, एक ऐसी टीम जो पिछले कई वर्षों से लगातार मिली सफलताओं के कारण अपने कंधों पर उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, यह टीम अपनी पहचान की तलाश में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनी निरंतरता को वापस पाने की तलाश में है। हाल के नतीजे भले ही उतार-चढ़ाव भरे रहे हों, लेकिन इस स्तर की टीमें शायद ही कभी अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से परिभाषित होती हैं। टीम में बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल है।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में रिजवी सबसे आगे पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर





**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है। ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नम्बर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया। पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर। इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला।

**खेल विशेष**

### हैदराबाद में 16 से 28 जून तक खेली जाएगी रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैदराबाद में 16 से 28 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। आज जीएमआर स्पोर्ट्स ने, इस खेल की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी, रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में घोषणा करते हुए कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। रग्बी प्रीमियर लीग के इस सत्र में तेज-तर्रार रग्बी 7एस प्रारुप में वापस आ रही है। दूसरे एडिशन में पहले एडिशन की छह फैंचाइजियां शामिल होंगी। इस अवसर पर हैदराबाद में लीग का स्वागत करते हुए तेलंगाना सरकार के (युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति और खेल विभाग) के विशेष मुख्य सचिव जएश रंजन ने कहा कि एक वैश्विक खेल डेस्टिनेशन के रूप में हैदराबाद का उभरना तेलंगाना के लंबे समय के नीतिगत विजन और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के लिए संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

### ब्राजील के पूर्व कोच डोरिवल ने कोरिथियंस से नाता तोड़ा

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व मैनेजर डोरिवल जूनियर को खराब प्रदर्शन के बाद कोरिथियंस के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। रविवार देर रात जारी एक बयान में डोरिवल जूनियर को मुख्य कोच पद से हटाए जाने के बाद कोरिथियंस ने कहा कि अंडर-20 टीम के कोच विलियम बतिस्ता अंतरिम आधार पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। यह घोषणा अपने घरेलू मैदान पर 1-0 की हार के बाद की गई। इस हार के बाद साओ पाउलो का यह क्लब 20 टीमों वाली ब्राजीलियन सीरी ए की अंक तालिका में 16वें स्थान पर खिसक गया है। क्लब ने 10 मैचों में केवल दो में जीत हासिल की है।

# ब्लैंका व्लासिक को टीसीएस वर्ल्ड 10 के का एंबेसडर किया नियुक्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2026 के प्रमोटर, प्रोकैम इंटरनेशनल ने सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियन ब्लैंका व्लासिक को 26 अप्रैल को होने वाले के आगामी संस्करण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा का एंबेसडर नियुक्त किया है। एथलेटिक्स के इतिहास की सबसे कामयाब हाई जंपर्स में से एक, व्लासिक को लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और सबसे ऊंचे स्तर पर मिली सफलता के लिए जाना जाता है। उन्होंने बीजिग 2008 ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता और उसके बाद रियो 2016 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

वह कई बार वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ 2-08 मीटर है, जो उन्होंने 2009 में हासिल किया था। यह अभी भी क्रोएशिया का नेशनल रिकॉर्ड है और महिलाओं की हाई जंप के इतिहास में तीसरी सबसे ऊंची छलांग है। इस स्पर्धा से अपने जुड़ाव को लेकर व्लासिक ने कहा कि उन्हें इस दौड़ के 18वें एडिशन का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी स्पर्धा से जुड़ना, जो दौड़ने के जरिए हजारों लोगों को एक साथ लाता है, बहुत ही प्रेरणादायक और जोश भरने वाला अनुभव है।

# पांड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास

गुवाहाटी, वार्ता। खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया। वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके।

इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे। इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही। हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हार्दिक ने एमआई के पहले मैच में



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवरों में 39 रन देकर एक विकेट लिए थे और 11 गेंद में 18 रन भी बनाए थे। इस मैच को एमआई ने छह विकेट से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एमआई की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने उस दिन हार्दिक को 'अनउपलब्ध' बताया था। इसके कारण एमआई को अपनी टीम में एक नहीं दो बदलाव करने पड़े थे। गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए दीपक चाहर और कॉर्बिन बॉश टीम में अंदर आए थे, वहीं ट्रेंट बोल्ट को बाहर बैठना पड़ा था।

# आंध्र ओपन का उद्घाटन विशाखापत्तनम आज

विशाखापत्तनम, वार्ता। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मान्यता एवं संचालन संस्था है, ने आंध्र ओपन के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की है।

यह टूर्नामेंट 7 से 10 अप्रैल, 2026 तक विशाखापत्तनम के ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। आंध्र ओपन 2026 को मेजबान स्थल ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब (ईपीजीसी) और इवेंट पार्टनर आंध्र प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन (एपीजीए) का समर्थन प्राप्त है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ियों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट के अग्रणी सप्तक तलवार, वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंधास, अंगद चीमा, हनी बैसोया और अजीतेश संधू शामिल हैं।

अंगद चीमा ने वर्ष 2024 में ईपीजीसी में जीत दर्ज की थी। विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के एन- थंगराजा सबसे प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने 2023 में ईपीजीसी में जीत हासिल की थी। इस प्रतियोगिता में नौ देशों से कुल 18 विदेशी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व विशाखापत्तनम के पेशेवर खिलाड़ी एस- मुथु और मोहम्मद रहमान करेंगे। एम- एस- एन- राजू, मानद सचिव, ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, ने कहा, ष्ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब की स्थापना 1884 में हुई थी।

# संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह मार्च के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। वहीं महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका इस दौड़ में शामिल हैं।

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के आखिर में सैमसन की जबरदस्त फॉर्म, ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिलाया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जसप्रीत बुमराह भी इस दौड़ में शामिल है। नए खिलाड़ी एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड में अपनी शानदार टी-20 डेब्यू सीरीज के बाद इस शॉर्टलिस्ट में अपनी जगह बनाई है,?

इस सीरीज में उन्होंने अपने देश के किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले पांच टी-20 मैचों के बाद सबसे बेहतरीन आंकड़े दर्ज किए। इस दौरान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के



खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों में केर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने का मजबूत दावेदार बना दिया है, जबकि मूनी ने भी भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों प्रारुपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खाका न्यूजीलैंड में हुई टी-20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, जिसके बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारतीय शूटर्स की नजरें मिक्स्ड टीम इवेंट्स के साथ मजबूत शुरुआत पर

**ग्रेनाडा (स्पेन), वार्ता।** भारतीय शूटर्स की नजरें इंटरनेशनल राइफल/पिस्टल सीजन की मजबूत शुरुआत पर होंगी, क्योंकि वे मिक्स्ड टीम इवेंट्स कल (7 अप्रैल) को यहां लास गैबियास शूटिग रेंज में ग्रेनाडा में अ ा इ ं ए स ए स ए प ॠ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप की शुरुआत करेंगे। 10मी एयर राइफल और 10मी एयर पिस्टल में मिक्स्ड टीम इवेंट्स के मेडल कल तय किए जाएंगे।

कॉम्पिटिशन 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम के क्वालिफिकेशन के साथ 12:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम सुबह 9:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 16:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 1 बजे) तय है। 10मी एयर राइफल मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफिकेशन 15:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 12:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 19:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम शाम 4 बजे) तय है। पिस्टल इवेंट में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, 25मी पिस्टल में 2024 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि 2025 वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट संयम, उज्ज्वल मलिक के साथ जोड़ी बनाएंगे।

उनका मुकाबला इस डिसिप्लिन के कुछ जाने-माने शूटर्स से होगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन शामिल हैं। चीन, जिसने नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप छोड़ दी थी, ने सीजन के अपने पहले इवेंट में दो वर्ल्ड क्लास जोड़ियों को उतारा है। मौजूदा मिक्स्ड टीम वर्ल्ड चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन और पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जी यू के साथ 21 साल के पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट शेन यियाओ बाकी फील्ड के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। दूसरी खास जोड़ियों में पेरिस ओलंपिक्स के सिल्वर मेडलिस्ट सेवल इलायडा तरहान और तुर्की के यूसुफ डिकेक, सर्बिया के जोराना अरुणोविच और दामिर मिकेक, हंगरी के वेरो. निका मेजर और अकोस कैरोली नैगी और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज और स्वेनजा बर्ज शामिल हैं।

# संग्राम अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां ब्यूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशाई कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली।



इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे।

### कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी होंगे शामिल

**मॉरीशस, वार्ता।** लिएंडर पेस की मेजबानी में होने आईजीपीएल 2026 के तीन चरणों वाले अफ्रीकी सेगमेंट में करनदीप कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी शामिल होंगे। अनाा. हता गोल्फ कोर्स में नौ से 11 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए जापान में एक शानदार सप्ताह के बाद, 27 वर्षीय कोचर सीधे वहां से मॉरीशस आ रहे हैं। वह जापान में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। इस साल एशियन टूर पर तीन टूर्नामेंटों में यह उनका दूसरा 'टॉप-5' प्रदर्शन था। इस लेग में शामिल होने वालों में कोचर के अलावा 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर, आईजीपीएल 2025 के ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहे पुखराज गिल और आईजीपीएल में कई बार जीत हासिल करने वाले अमन राज प्रमुख हैं।

### ब्राजील की सीरी ए में फ्रलेमेंगो ने सैंटोस को 3-1 से हराया

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की सीरी ए में एक गोल से पिछड़ने के बाद फ्लेमेंगो ने दूसरे हाफ में तीन गोल करते हुए सैंटोस पर 3-1 से जीत दर्ज की। रविवार को रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लुटारो डियाज ने लंबी दूरी का शॉट लगाकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी। फियोरेंटीना के पूर्व स्ट्राइकर पेड्रो ने दाईं ओर से जॉर्ज कैरास्कल के क्रॉस के बाद, छह-यार्ड बॉक्स के अंदर से हेडर लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद, 71वें मिनट में जोर्जिनहो ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया। वेस्ट हैम के पूर्व मिडफील्डर लुकास पाकेटा ने 89वें मिनट में गोंजालो प्लाटा के साथ मिलकर एक 18-यार्ड का जोरदार शॉट मारकर जीत पक्की कर दी।

**कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़ ऊधम सिंह नगर**

ईमेल आई0डी0- nagarpanchayatshaktigarh@gmail.com टोल फ्री नं0 - 18005725154

पत्रांक-12/तहबाजारी-सा0हा0बाजार/2026-27 दिनांक: 04.04.2026

**"सार्वजनिक सूचना (साप्ताहिक हाट बाजार)"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु साप्ताहिक हाट बाजार की नीलामी / बोली दिनांक 20/04/2026 को पूर्वान्ह: 11:00 बजे निर्धारित की गयी है। इच्छुक बोलीदाता/व्यक्ति/फर्म नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़ के सभागार में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करनी होगी। जिस किसी बोलीदाता की बोली स्वीकृत की जायेगी/होगी, उसकी बोली की जमानत धनराशि का समायोजन अंतिम किस्त में किया जायेगा। बोली के ठेके की समस्त शर्तें/अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता को रू0 500.00 (पांच सौ रू0) मात्र का शुल्क (जो वापस नहीं की जायेगी, हैसियत प्रमाण पत्र (कम से कम रू0 2.00 लाख), चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 नम्बर, आयकर पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं जमानत राशि बोली / नीलामी, स्टाम्प आदि प्रार्थना पत्र के साथ ठेका बोली से एक दिन पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता को बोली की धनराशि का 1/4 भाग उसी दिन जमा कराना होगा। तहबाजारी/बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पास निहित होगा।

| क्रम सं0 | कार्य/ठेके /नीलामी का नाम | जमानत धनराशि | निर्धारित बोली/ठेके की न्यूनतम धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत साप्ताहिक हाट बाजार का ठेका/बोली | 500000.00 | 485000.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शक्तिगढ़
उधमसिंह नगर।

अध्यक्ष
नगर पंचायत शक्तिगढ़
उधमसिंह नगर।

# हरिद्वार पुलिस के ऑपरेशन प्रहार से हर तरफ हा-हाकार

## एसएसपी नवनीत सिंह की फटकार के बाद जनपद पुलिस अपराधियों को ढूंढ-ढूंढकर कर रही गिरफ्तार

## खानपुर पुलिस ने सागौन की लकड़ी से भरे ट्रक सहित दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में जनपद में अवैध तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। जनपद की सीमाओं पर सतर्क दृष्टि रखते हुए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक डी.एस. कोहली के नेतृत्व में रात्रि में थाना खानपुर की चौकी वालावाली (उत्तर प्रदेश सीमा) पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया।वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध सागौन की लकड़ी का परिवहन पाया गया। मौके पर संबंधित कागजात मांगे जाने पर चालक/सवार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर थाना खानपुर में अभियोग पंजीकृत कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है खानपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत चेकिंग अभियान लगातार



प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। मुकीम पुत्र साबिर, निवासी दिनौड़ा नांगल, नजीबाबाद (उ0प्र0), उम्र 28 वर्ष,जुल्फान पुत्र अहमद हसन, निवासी सुल्तानपुर आदमपुर, लक्सर (हरिद्वार), उम्र 35 वर्ष से 54 नग सागौन की लकड़ी (गिल्टे)ट्रक संख्या न01 6415 बरामद की गई है।

## कलियर पुलिस ने दबोचा फरार आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखण्ड द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहारष अभियान के तहत पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।कलियर पुलिस ने बिजली चोरी और धोखाधड़ी के मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशा पर क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान कार्रवाई करते हुए मुर्करम पुत्र रसूला निवासी रहमतपुर थाना पिरान कलियर (हाल पता बेलडा, शामली उत्तर प्रदेश) तथा गुफरान अली पुत्र गौरी निवासी मीरपुर कोतवाली रानीपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे और इनके खिलाफ वारंट जारी थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में कलियर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक



कमल मोहन भण्डारी,एसएसआई देवेन्द्र सिंह तोमर, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह, हेड कांस्टेबल रविन्द्र बालियान, हेड कांस्टेबल जमशेद अली, कांस्टेबल विक्रम सिंह, नीरज राणा शामिल रहे।

## गंगनहर पुलिस ने पांच वारंटियों को धर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी के तहत गंगनहर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किये 05 वारंटीयो को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारान्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमो का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीमो के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 05 वारंटीयो को अलग-अलग स्थान से पकडा गया। नाम पता वारंटी-सद्दाम पुत्र समीम निवासी भंगेड़ी महावतपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार, गुरमीत सिंह पुत्र स्वर्गीय बदलू सिंह निवासी टोडा कल्याणपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार, अक्षय कुमार पुत्र कदम सिंह निवासी ग्राम खटका कोतवाली रुड़की, गौरव पुत्र संजीव त्यागी निवासी सिविल लाइन रुड़की कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार व महिला निवासी अशोक नगर ढंडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार है।

## भगवानपुर पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने न्यायालय से वांछित चल रहे 02 वारण्टियो को पकडा है।

एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टो की शत प्रतिशत तामील किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए न्यायालय से वांछित चल रहे वारण्टी1.जगदीश पुत्र मेहरु निवासी ग्राम सिकरोडा कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार व तालिब पुत्र नसिर नि0 सिकरोडा को0 भगवानपुर को ग्राम सिकरोडा से पकडा गया। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान, का0 अजय चन्देल, कानि0 राहुल कुमार शामिल रहे।

## मंगलौर पुलिस ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर की कुर्की की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलोर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। ढोल-नगाड़ो की थाप के शोर के बीच पुलिस ने की कुर्की करते हुए फरार वारंटियों के घरों से बिस्तर-गद्दा, भांडें-बर्तन ले आयी है।

जानकारी के अनुसार एसएसपी नवनीत सिंह का स्पष्ट संदेश, जुर्म किया है तो कोर्ट के चक्कर भी लगाने होंगे और जेल की हवा भी खानी होगी। पुलिस मुख्यालय स्तर से प्राप्त निर्देशों के तहत वर्तमान में गतिमान ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने एवं आपराधिक तत्वों को कड़ा संदेश देकर आम आदमी के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने के लिए एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में काम कर रही हरिद्वार पुलिस लगातार धरातल पर मेहनत कर रही है। की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.04.2026 को कोतवाली मंगलोर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो अलग-अलग मामलों में लगातार फरार चल रहे वारंटियों के ग्राम ब्रह्मपुर जट्ट स्थित मकानों पर कुर्की की कार्यवाही की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, रुड़की (हरिद्वार) द्वारा जारी कुर्की वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम फरार वारंटियों के घरों पर छापेमारी की लेकिन वारंटियों के मौजूद न मिलने पर उनके परिजनों और अन्य व्यक्तियों की मौजूदगी में ढोल नगाड़ों सहित मुनादी कराकर घर पर रखे सामान की कुर्क किया गया। वारंटी सौकारत उर्फ साहुकार पुत्र जगदीश के घर से पुलिस टीम ने एक डबल बेड, दो गद्दे, एक चारपाई, एक टीन की टंकी (लगभग 20 किलो गेहूं सहित), एक कृषि स्प्रे मशीन, 6 प्लास्टिक के खाली क्रेट तथा रसोई का अन्य सामान (तवा, बेलन, चकला, 2 चाकू, इमाम दस्ता आदि) आदि कुर्क किया। वारंटी रवि पुत्र नीतू के घर से पुलिस टीम ने गद्दों और पुराने कपड़ों सहित एक डबल बेड, एक टीवी (फिलिप्स), सौंदर्य प्रसाधन सामग्री से भरी एक प्लास्टिक ट्रे, एक प्लास्टिक की टंकी और एक अलमारी आदि को कुर्क किया। पुलिस टीम-हेमदत्त भारद्वाज (चौकी प्रभारी नारसन) का0 पंकज कुमार का0 सुधीर कुमार का0 शाहंसरपाल का0 लाल सिंह म0 कां0 मरजीना मलिक शामिल रहे।

## ऑपरेशन प्रहार में लक्सर पुलिस ने आठ पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 08 वारन्टी दबोचे हैं। पकडे गये वारन्टियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यालय स्तर से प्रचलित "ऑपरेशन प्रहार" को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को सुस्पष्ट निर्देश जारी किये गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली लक्सर पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंटों की तामिल के लिए साझा प्रयास करते हुए दिनांक 05/04/2026 को 08 वारन्टियों को गिरफ्तार किया गया। वारन्टियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने के लिए हरिद्वार पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पकड़े गए वारन्टी-मिंटू पुत्र बीरबल निवासी अकबरपुर ऊद उम्र 35 वर्ष, सतीश उर्फ संतोष पुत्र कालूराम निवासी अकबरपुर ऊद, उम्र 50 वर्ष, दिनेश पुत्र रघुवीर निवासी अकबरपुर ऊद उम्र 30, शाहरुख पुत्र तस्लीम,उम्र 28 वर्ष, निवासी मखियाली कला, मिंदर पुत्र कर्म सिंह निवासी कंकर खाता उम्र 45 वर्ष, मनीराम पुत्र कर्म सिंह निवासी कंकर खाता, धनीराम पुत्र कर्म सिंह निवासी कंकर खाता, अनुज सैनी पुत्र जय सिंह सैनी निवासी खड़ौली मेरठ उत्तर प्रदेश हैं।

## गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लग रही है लंबी कतार

### महीना पहले बुक के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित गैस एजेंसी कार्यालय पर सोमवार को गैस सिलेंडर लेने वाले लोगों की काफी भीड़ रही। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनके द्वारा 26 मार्च को गैस सिलेंडर लेने के लिए बुक कराए गए थे। इसके बाद भी आज तक गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर वह परेशान है।

कस्बा झबरेड़ा में स्थित गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर शनिवार को सुबह से ही गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ शुरू हो गई ।अधिकतर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं को मायूस होकर खाली हाथ वापस जाना पड़ा। कस्बे में स्थित इंडियन गैस एजेंसी कार्यालय पर कस्बा सहित आसपास के कई गांव लगे हुए हैं ।ग्राम भक्तों वाली ग्राम शीतलपुर ग्राम खड़खड़ी लोदी वाला साबतवाली खजूरी ग्राम डेलना



कोटवाल आलमपुर कुशालीपुर लाठरदेवा हुण व सदोली आदि गांव के लगभग 50000 की आबादी इसी गैस एजेंसी पर निर्भर है। गैस सिलेंडर लेने आए उपभोक्ता राशिद अली मुस्तफा जयवीर मुकेश कुमार राजेश बाबूराम विक्रम सिंह शरीफ अहमद आदि का कहना है कि उन्होंने गैस सिलेंडर लेने के लिए 26 मार्च को ही बुक कराया था। लेकिन 12 दिन बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिलने से वह परेशान है गैस सिलेंडर बुक होने के बाद भी नही मिलने पर वह कोई दिन से गैस एजेंसी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। नोडल अधिकारी हर्षवर्धन रावत का कहना है कि गैस सिलेंडर बुक होने के 12 दिन बाद भी नहीं मिलने से इसकी जांच की जाएगी।

## अपहृत बच्ची को कलियर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बच्ची को कलियर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार सद्दीक निवासी फतेहगंज बरेली उत्तर प्रदेश हाल निवासी पीठ बाजार पिरान कलियर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 4 अप्रैल को उसकी नाबालिग पुत्री घर से सामान लेने दुकान गई थी और वह वापस नहीं लौटी।आसपास में काफी तलाश किया लेकिन उसका कही कोई पता नही चला है।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और नाबालिग की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का सहारा लेते हुए बच्ची के हुलिए और फोटोग्राफ के आधार पर क्षेत्र में व्यापक पूछताछ की।लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस ने 24 घंटे में इमाम साहब दरगाह परिसर के पास से बच्ची सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।बच्ची के सकुशल मिलने के बाद परिजनों ने कलियर पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। टीम में कलियर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी,उप निरीक्षक रामअवतार हेड कांस्टेबल सोनू कुमारकांस्टेबल भादूराम शामिल रहे।

## पुलिस ने दो फरार वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस ने न्यायालय से गैंगस्टर में फरार चल रहे वारंटियो को हरिद्वार पुलिस ने धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश में वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमे गठित की गई है। गठित टीम द्वारा न्यायालय हरिद्वार से फरार चल महिला वारंटी तथा वारंटी गोविंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी चाव मंडी रुड़की कोतवाली गंगनहर को उसके मस्कन से धर दबोचा। पुलिस टीम-उप निरीक्षक राजीव उनियाल-उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी-हेड कांस्टेबल संदीप यादव-हेड कांस्टेबल एलियास अली शामिल रहे।

## मंगलौर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई, जारी रखते हुए 02 वारंटियों को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही कर सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। आदेश के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था एक टीम को वारण्टी की गिरफ्तारी पर लगाया गया। जिसके फलस्वरुप मंगलौर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत निम्नलिखित 02 वारण्टियों को धर दबोचा। नाम पता वारंटी-शमी पुत्र इरफान निवासी जौरासी कोत0 रुडकी जिला हरिद्वार व कुलदीप पुत्र रविन्द्र ग्राम मुण्डलाना कोत0 मंगलौर को पकडा है। पुलिस टीम-उ0नि0 अशोक सिरसवाल-उ0नि0 राकेश डिमरी-हे0कानि0 सुदेश-हे0कानि0 शूरवीर-कानि0 मनीष शामिल रहे।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** हरिद्वार पुलिस की अवैध नशे के कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। इसी के तहत अवैध कच्ची शराब के साथ 01 आरोपित को पकड़ा है। आरोपित के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब की बरामद की है। जानकारी के अनुसार शराब निर्माण व बिक्री के सम्बन्ध में मिल रही सूचना के आधार पर अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री पर अँकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा अवैध मादक पदार्थो के निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाये जाने व इस अवैध कार्य को अंजाम देने वाले लोगो के बिरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। उपरोक्त आदेशो के क्रम में प्रभारी निरीक्षक खानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप थाना खानपुर पुलिस द्वारा ग्राम करणपुर महेशरा तिराहे से एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची के साथ पकडा गया। आरोपित का नाम पता-जोगेन्द्र पुत्र राजवीर नि0 ग्राम लालचन्दवाला थाना खानपुर है।

## डंपर से बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा मंगलौर मार्ग कस्बे से कुछ दूर किसान चौक पर मिट्टी से भरे डंपर द्वारा एक बाइक को टक्कर लगने से बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। तथा इसी बाइक पर सवार दो अन्य घायल हो गए थे। पुलिस द्वारा आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई है।

कस्बे से कुछ दूर किसान चौक के पास 3 अप्रैल कि रात्रि लगभग 11:00 बजे डंपर द्वारा एक बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से उत्तर प्रदेश के थाना देवबंद जिला सहारनपुर ग्राम खेड़ा मुगल निवासी 21 वर्षीय शहजाद की मौके परी मौत हो गई थी। इसी बाइक पर सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थाना निरीक्षक विजय सिंह का कहना है 4 अप्रैल को घायल जावेद की तहरीर के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर डंपर चालक कुलदीप पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना रतनपुरी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर इकबालपुर के पास से डंपर चालक को डंपर सहित गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त के खिलाफ विधिक कानूनी कार्रवाई की गई है।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर संगठन सशक्तिकरण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय रुड़की में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिवत रूप से भाजपा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा पार्टी के सिद्धांतों एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण को दोहराया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई है, जिसका आधार कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और संगठन के प्रति अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सागर गोयल एवं अक्षय प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करते हुए स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और पार्टी की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

## राव काले खां को राज्य किसान आयोग का सदस्य बनाए जाने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष राव काले खां का राज्य किसान आयोग का सदस्य मनोनीत किए जाने पर सम्मान किया गया।

जानकारी के अनुसार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं।उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए भी राज्य की भाजपा सरकार निरंतर प्रयासरत है और भाजपा में अल्पसंख्यकों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं।अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल मुल्तानी ने कहा कि राव काले खां भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और इनका जो सम्मान पार्टी नेतृत्व द्वारा किया गया है वह सराहनीय है।सदस्य मनोनीत होने पर राव काले खां ने कहा कि जो सम्मान पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें मिला है,उसके अनुरूप वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा किसान हितों की रक्षा के साथ-साथ जो योजनाएं सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही हैं,उसे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।स्वागत करने वालों में वरिष्ठ नेता अनीस अहमद,जिला उपाध्यक्ष अजहर प्रध



ान,कार्यालय मंत्री शहजाद इदरीसी, राव इंतजार, राज्य हज कमेटी के पूर्व सदस्य अकरम साबरी, जिला महामंत्री मोनू राणा, जिला उपाध्यक्ष नसीम अली, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद मुस्तकीम, अंजुम राईन, शहजाद अली, राव शादाब, राव मीनू आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## बाबा गुलाम जिलानी का 16वां उर्स अकीदत के साथ हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के खादिम-ए-खास बाबा गुलाम जिलानी का 16वां सालाना उर्स कुल शरीफ की रस्म के साथ अकीदत व एहतराम के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स में देश के कोने-कोने से पहुंचे सैकड़ों जायरीन ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर खिराज-ए- अकीदत पेश किया और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

उर्स का आगाज शुक्रवार को हुआ तीन दिनों तक चले उर्स में शिरकत करने हरियाणा, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को बाद नमाज-ए-मगरिब गुस्ल की रस्म अदा की गई और नमाज-ए-ईशा के बाद लंगर-ए-आम का आयोजन हुआ। लंगर में बड़ी संख्या में जायरीन ने शिरकत कर बरकत हासिल की।उर्स के मौके पर साहिबजादा शाह यावर अली ऐजाज कुदुसी साबरी की सरपरस्ती में सूफी राशिद की खानकाह में महफिल-ए-समा का आयोजन किया गया।जिसमें मशहूर कव्वाल निजाम साबरी ने सूफियाना कलाम पेश कर माहौल को रूहानी रंग में रंग दिया, जिससे अकीदतमंद देर रात तक झूमते रहे।रविवार सुबह उर्स की मुख्य रस्म कुल शरीफ अदा की गई। इस अवसर



पर साबरी सिलसिले के सूफी हजरात, मुरीदीन और बड़ी तादाद में जायरीन मौजूद रहे। सभी ने देश में शांति, सौहार्द और भाईचारे की दुआएं मांगीं। कुल शरीफ की रस्म के साथ उर्स सकुशल सम्पन्न हो गया। इस मौके पर सूफी इसरार साबरी, सूफी राशिद साबरी, शफीक साबरी, लियाकत साबरी, अकरम साबरी, समद साबरी, अब्दुल समद, रोहित साबरी, रघु साबरी, लक्की साबरी, शिव साबरी, शम्स अली, गुलाम ख्वाजा, मुनव्वर मीरहसन सहित सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बातचीत, जंग साथ-साथ

पश्चिमी एशिया में जारी ईरान-अमेरिका/इस्राईल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। 37 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक इस युद्ध का कहीं से भी अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि इस बीच एक अच्छी खबर भी आई है जिसमें पर्दे के पीछे इस संघर्ष को रोकने के लिए कोशिशों की बात सामने आई है। पहली बार ईरान ने माना है कि उसे मध्यस्थता के जरिये से अमेरिका की तरफ से युद्ध को रोकने के लिए प्रस्ताव मिला है। हालांकि ईरानी विदेश मंत्रालय ने ऐसा कहते हुए यह भी जोड़ा कि जब तक अमेरिका व इस्राईल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। मंत्रालय का यह भी कहना है कि ईरान ने भी अपनी मांगों का एक अलग सैट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगाई ने तेहरान में कहा कि इस्राईल अमेरिका की कोई रेडलाइन नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की कोई परवाह नहीं करते। उन्होंने अमेरिका के कथित 15 सूत्रीय प्रस्ताव को तर्कहीन करार दिया। उनका कहना था कि किसी भी समझौते को तभी स्वीकार किया जाएगा जब ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में होगा। उन्होंने अस्थाई युद्ध के बदले होर्मुज को खोलने के लिए मना कर दिया। एक अन्य सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव की समीक्षा चल रही है लेकिन दबाव में फैसला नहीं लिया जाएगा। इसका मतलब साफ है कि पाकिस्तान अभी भी मध्यस्थता की भूमिका में बना हुआ है। ईरान ने साफ किया कि युद्ध विराम के बलदे होर्मुज नहीं खोलेगा। ईरान का अभी भी यह मानना है कि अमेरिका स्थायी युद्ध विराम के लिए तैयार नहीं है और ईरान के लिए अस्थायी युद्ध का कोई मतलब नहीं है। बात घूम-फिरकर फिर वहीं आ जाती है, जब तक दोनों पक्षों के बीच में ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे, जिससे जो अविश्वास की खाई जो बहुत गहरी हो चुकी है, उसको पाटा नहीं जाएगा तब तक किसी शांति समझौते पर पहुंचना आसान नहीं होगा। इस समय भी यही दिखाई दे रहा है। शांति के प्रयास भी हो रहे हैं और युद्ध की तीव्रता में किसी तरह की कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। दोनों ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। इन हमलों का दायरा इतना बढ़ चुका है कि अब इसकी जद में पुल, यूनिवर्सिटी, स्कूल, हेल्थ सेंटर भी आने लगे हैं। सवाल है ऐसे में संघर्ष विराम पर कैसे अमल होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सुपर पॉवर के राष्ट्रपति को बिल्कुल भी शोभा नहीं देती। वह अभी भी ईरान को धमकीभरी भाषा में चेता रहे हैं। उन्होंने अपने दस दिनों के अल्टीमेटम में अब 48 घंटों का अतिरिक्त इजाफा कर दिया है, लेकिन वह भी धमकी के साथ कि होर्मुज को खोलो नहीं तो पता नहीं क्या हो जाएगा।

## नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो



प्रधानमंत्री मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी, मोदी जी ने कहा था कि एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया, बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर, हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है, रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं, नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो, जो मजदूर कपड़ा मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय





ओ.पी. पाल

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में 16 अप्रैल का दिन एक युगांतरकारी मोड़ साबित हो सकता है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को धरातल पर उतारने के लिए एक साहसिक और दूरगामी योजना तैयार की है। इस योजना के केंद्र में केवल महिला आरक्षण ही नहीं, बल्कि लोकसभा की संरचना में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार भी शामिल है। मसलन नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बड़े संशोधनों के साथ ही लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की तैयारी कर ली है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य न केवल विधाई निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि दशकों से लंबित परिसीमन की प्रक्रिया को एक नई दिशा देना भी है। सरकार द्वारा इस तैयारी के लिए खींचे गए खाके को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि वह महिलाओं को संसद में भेजने के अपने वादे को 2029 के आम चुनाव तक हर हाल में पूरा करना चाहती है। देश को उम्मीद है कि लोकसभा की नई सरंचना न केवल भारत की बढ़ती आबादी का प्रतिनिधित्व करेगी, बल्कि नारी शक्ति को राष्ट्र के नीति-निर्माण में बराबर का हिस्सेदार बनाएगी।

संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन केंद्र सरकार ने भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में उस समय चौंकाने वाला निर्णय लिया, जिसमें अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाले बजट सत्र को समाप्त करने के बजाय, 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। यानी संसद कं बजट सत्र का यह विशेष हिस्सा अब 16 से 18 अप्रैल तक फिर से चलेगा। केंद्र सरकार का मकसद महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को समय से पहले जमीन पर उतारना है। सरकार का पूरा फोकस अब उस कानूनी अड़चन को खत्म करना है, जो महिला आरक्षण और जनगणना तथा परिसीमन के बीच फंसी हुई है। दरअसल 2023 में पास हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुताबिक, आरक्षण अगली जनगणना के बाद ही लागू हो सकता था, जिसमें वर्षों का समय लगना स्वाभाविक था। अब सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर ही लंबित परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। सरकार चाहती है कि महिलाओं को उनके हक के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। इसलिए जनगणना और परिसीमन की तकनीकी अड़चनों को दूर करने के लिए यह सत्र मील का पत्थर साबित होगा।

इस सत्र के विस्तार का सबसे बड़ा आकर्षण लोकसभा सीटों का पुनर्गठन हो सकता है। चर्चा है कि सरकार सदन में सीटों की संख्या 543 में 50 फीसदी सीटे बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिससे लोकसभा की 816 सीटें होने पर 33 प्रतिशत यानी एक-तिहाई आरक्षण के फार्मूले के तहत लोकसभा में लगभग 273 सीटें सीधे महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। मसलन इन 273 सीटों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके आरक्षित कोटे के भीतर सीटें तय होंगी।

संसद में यदि यह संशोधन पास होता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही देश की संसद का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि इसके लिए बजट सत्र की आगामी तीन दिन की बैठकों में सरकार जहां एक संविधान संशोधन विधेयक के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव करेगी। वहीं दूसरा सामान्य विधेयक परिसीमन अधिनियम में संशोधन लाएगी।

इन दोनों प्रस्तावित कानून 31 मार्च 2029 से लागू किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो आगामी लोकसभा चुनावों और ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को आरक्षण मिल सकेगा। यही फॉर्मूला राज्यों की विधानसभाओं में भी लागू किया जाएगा, ताकि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी का एक समान ढांचा तैयार हो सके। माना जा रहा है कि उत्तर बनाम दक्षिणसीटों की संख्या बढ़ने से बड़े राज्यों, विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा। नए परिसीमन के जरिए राज्यों में फिलहाल संसदीय सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी होगी और उत्तर प्रदेश में यह संख्या सबसे ज्यादा होकर तीन अंक में पहुंच जाएगी।

### लोकसभा का ऐतिहासिक विस्तार

वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या 543 है, जो 1971 की जनगणना के आधार पर टिकी हुई है। सरकार के नए प्रस्ताव के अनुसार यदि सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो यह संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी। इस विस्तार का आधार 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा यानी अब 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही सीटों का पुनर्गठन (परिसीमन) किया जाएगा। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई जनगणना में होने वाली देरी के कारण आरक्षण के क्रियान्वयन में बाधा आ रही थी। यदि ए दोनों विधेयक संसद में पारित हाते हैं, तो महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। जिनमें महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित होगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है, जहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। मध्यप्रदेश में 29 से 44 सीटों में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 39 से 59 प्रस्तावित सीटों में 20 और दिल्ली प्रस्तावित 11 में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है, जहां फिलहाल 14 सीटें हैं। ऐसे ही अन्य राज्यों की सीटे भी नए परिसीमन में बढ़ेंगी।

### कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां

सरकार को हालांकि इस ऐतिहासिक बदलाव को अमली जामा पहनाने के लिए दो मोर्चों पर काम करना होगा। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता है।

यानी इन दोनों विधेयकों को पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है। यही कारण है कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं। दरअसल विपक्ष में खासतौर से कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दल लगातार मांग कर रहे हैं कि महिला कोटे के भीतर ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि फिलहाल इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान शामिल नहीं है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार सरकार इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

# इतिहास बदलने और भविष्य गढ़ने वाले कदम

**वारिसों और महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकार अब सुनिश्चित और संरक्षित हैं। यह प्रावधान माननीय और दुरुपयोग को रोकता है और दानकर्ताओं के विश्वास को सुदृढ़ करता है। संपत्तियों की संख्या बढ़ेगी और उनका उपयोग स्पष्ट, न्यायपूर्ण और कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित होगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को समाप्त करते हुए समुदाय में भरोसा, स्थिरता और सुरक्षा की नई भावना पैदा करेगा। विवाद समाधान प्रक्रिया में सुधार न्याय की गति को तेज करेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। अब ट्रिब्यूनल के पफैसलों पर हाईकोर्ट में अपील का अधिकार होगा।**



प्रो. आर.के. जैन

जब कोई कानून केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर समाज की रोजमर्रा की जिंदगी में वास्तविक बदलाव लाता है, तभी उसका ऐतिहासिक महत्व अमिट हो जाता है। राष्ट्रपति की अंतिम मंजूरी के साथ वक्फ संशोधन कानून ने भारतीय वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक और क्रांतिकारी कदम है। पुराने तंत्र में भ्रष्टाचार, मनमानी और अतिक्रमण ने संपत्तियों से मिलने वाले वास्तविक लाभ को लगातार रोके रखा था। अब वक्फ बोर्ड आधु. निक तकनीक, उत्तरदाई प्रबंधन और समावेशी .ष्टिकोण के साथ काम करेगा। इसका असर केवल संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसी मूलभूत जरूरतों में सीधे दिखाई देगा। यह परिवर्तन करोड़ों मुस्लिम परिवारों के लिए सुरक्षा, विश्वास और समृद्धि का एक नया संदेश लेकर आया है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पहले अनियमित. ताओं और विवादों की लंबी श्रंखला रही, जिसने उनकी वास्तविक उपयोगिता और विकास को लगातार बाधित किया। मनमाने दावे, लंबित मुकदमे और अतिक्रमण ने कई संपत्तियों को विवादास्पद और अनुपयोगी बना दिया था। अब डिजिटल पोर्टल और ऑटोमेशन के माध्यम से प्रत्एक संपत्ति का पूरा जीवनचक्र ट्रैक किया जाएगा। पंजीकरण, लेखा-जोखा, ऑडिट और मुकदमेबाजी सभी ऑनलाइन और पारदर्शी होंगे। छह माह के भीतर सभी संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज हो जाएंगी, जिससे कोई भी संपत्ति छिपी नहीं रहेगी। यह पारदर्शिता भ्रष्टाचार को कम करेगी और वक्फ बोर्ड को एक वैज्ञानिक, उत्तरदाई और आधुनिक संस्था में परिवर्तित कर देगी। परिणामस्वरूप, संपत्तियों का उपयोग अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत ढंग से सुनिश्चित होगा।

जिला कलेक्टर को संपत्ति सर्वेक्षण और विवाद समाधान की जिम्मेदारी दी गई है, जो प्रबंधन का सबसे मजबूत स्तंभ साबित होगा। अब निर्णय केवल सरकारी रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच पर आधारित होंगे। अतिक्रमण स्वत: रोका जाएगा और संपत्तियां उनके वास्तविक लाभार्थियों तक सुरक्षित रूप से पहुंचेगी। कलेक्टर का समयबद्ध और तथ्यपरक दृष्टिकोण हर निर्णय को मजबूत और भरोसेमंद बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप, वक्फ संपत्तियां शीघ्र और प्रभावी कल्याण कार्यों में लगेंगी। विवाद कम होंगे, संपत्तियों का विकास तेजी से होगा और गरीब, विधवा एवं वंचित वर्गों तक लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचेगा। यह व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। समावेशिता और संतुलित नेतृत्व अब वक्फ बोर्ड की नई पहचान बन चुका है। बोर्ड में अब कम से कम दो मुस्लिम महिलाएं और गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल होंगे।

### वक्फ के लिए नए नियम

विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य होगा। इससे निर्णय प्रक्रिया व्यापक दृष्टिकोण वाली, संतुलित और संवेदनशील बनेगी। महिलाओं की भागीदारी प्रबंधन में संवेदनशीलता और सूझबूझ लाएगी, जबकि गैर-मुस्लिम सदस्य प्रशासनिक निगरानी और सहयोग सुनिश्चित करेंगे। यह संरचना वक्फ को केवल धार्मिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संपदा और सामा. जिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रतीक बनाएगी। प्रत्येक वर्ग का सक्रिय योगदान विकास की दिशा में सुनिश्चित होगा और कल्याण कार्यों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। संपत्ति दान और वक्फ गठन के नए नियम इसे सुरक्षित, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाते हैं। अब केवल पांच वर्ष से इस्लाम का पालन करने वाला वास्तविक और सच्चा मालिक ही संपत्ति वक्फ कर सकेगा। वक्फ बाय यूजर जैसी पुरानी और असुरक्षित प्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वास्थ्य विषमता के विरुद्ध सबसे बड़ा अस्त्र है वैज्ञानिक चेतना



योगेश कुमार गोयल

**कुल मिलाकर, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें एक सामूहिक संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम स्वास्थ्य को केवल व्यक्तिगत चिंता नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें।**

हर वर्ष 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, जो मानव सभ्यता को आईना दिखाने वाला एक वैश्विक आत्ममंथन है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल अस्पतालों, दवाइयों और डॉक्टरों तक सीमित अवधारणा नहीं बल्कि एक समग्र स्थिति है, जिसमें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन निहित है। इस वर्ष यह दिवस स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहें थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो अत्यंत प्रासंगिक, विचारोत्तेजक और दूरदर्शी संदेश लेकर आई है। विश्व की आधी से अधिक आबादी आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है और करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल इलाज पर खर्च करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ाती है बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है।

कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी ने तो पूरी दुनिया के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली कितनी भी विकसित क्यों न हो, यदि उसमें समावेशिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है तो वह संकट के समय लड़खड़ा सकती है। विकसित देशों में भी स्वास्थ्य संसाधनों की कमी ने यह सिद्ध किया कि केवल आर्थिक समृद्धि पर्याप्त नहीं बल्कि वैज्ञानिक तैयारी, स्वास्थ्य अवसंरचना और जनविश्वास का समन्वय ही वास्तविक सुरक्षा प्रदान करता है। महामारी के दौरान वैक्सीन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं ने यह भी दिखाया कि विज्ञान के प्रति अविश्वास स्वयं एक बड़ा स्वास्थ्य संकट बन सकता है। इसलिए इस वर्ष की थीम हमें यह संदेश देती है कि विज्ञान के साथ खड़ा होना केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। एक विशाल और विविधतापूर्ण जनसंख्या वाले देश के रूप में भारत के सामने स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां बहुआयामी हैं। एक ओर संक्रामक रोगों का खतरा अभी भी बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर गैर-संच. ारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां आज देश में मृत्यु के प्रमुख कारण बन चुकी हैं। बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता ने इन रोगों को और अधिक बढ़ावा दिया है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आने वाले वर्षों में इन बीमा. रियों का बोझ और भी अधिक बढ़ने वाला है, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही भारत में जनसंख्या संरचना में हो रहे परिवर्तन भी एक नई चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। वृद्ध जनसंख्या में वृद्धि के साथ अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियों का प्रसार बढ़ने की आशंका है। यह न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बल्कि सामाजिक और आर्थिक संरचना के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इन परिस्थितियों में केवल पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं होंगी बल्कि एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा, जिसमें रोकथाम, जागरूकता और दीर्घकालिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य अवसंरचना की बात करें तो भारत में अभी भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच गहरी खाई मौजूद है। जहां शहरों में आधुनिक अस्पताल और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की भी कमी देखी जाती है। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की कमी इस समस्या को और जटिल बनाती है। ऐसे में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं, टेलीमेडिसिन और ई-हैल्थ प्लेटफॉर्म एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर रहे हैं। यह तकनीकें दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं लेकिन इनका प्रभावी उपयोग तभी संभव है, जब डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट की पहुंच को भी समान रूप से बढ़ाया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में एक स्वास्थ्य की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दृष्टिकोण मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। इसलिए स्वास्थ्य नीतियों को केवल चिकित्सा तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से भी जोड़ना होगा। वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा-आधारित नीतियों के माध्यम से ही इन जटिल चुनौतियों का समाधान संभव है। आज के समय में एक और बड़ी चुनौती है भ्रामक सूचनाओं का प्रसार। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ गलत जानकारियां तेजी से फैलती हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को प्रभावित करती हैं। वैक्सीन विरोधी अभियान, अप्रमाणित उपचार पद्धतियों का प्रचार और छद्म विज्ञान के बढ़ते प्रभाव ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नया खतरा उत्पन्न कर दिया है। इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक तथ्यों को सरल और प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाया जाए और लोगों में वैज्ञानिक सोच विकसित की जाए। सरकारों की भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य बजट में वृद्धि, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार, अनुसंधान को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य सेवाओं का सार्वभौमिकरण ऐसे कदम हैं, जो इस दिशा में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। भारत में आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। लेकिन इन योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उनका क्रियान्वयन कितनी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ किया जाता है। विज्ञान और तकनीक की भूमिका को भी इस संदर्भ में अनदेखा नहीं किया जा सकता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। रोगों की प्रारंभिक पहचान, व्यक्तिगत उपचार और दवाओं के विकास में यह तकनीकें महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हालांकि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन तकनीकों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और यह केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित न रह जाए। यह समझना भी आवश्यक है कि स्वास्थ्य केवल सरकारों या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह एक सामूहिक दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी। संतु. लित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान और स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। इसके साथ ही समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ावा देना होगा ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विश्व स्वास्थ्य दिवस का संदेश यही है कि यदि हमें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की कल्पना करनी है तो हमें विज्ञान के साथ खड़ा होना होगा। वैज्ञानिक सोच, वैश्विक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संगम ही वह मार्ग है, जो हमें स्वास्थ्य की समानता और सार्वभौमिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। यह केवल एक दिवस का संदेश नहीं बल्कि एक सतत संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



शिमला। लाहौल-स्पीति जिले के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के उत्तरी प्रवेश द्वार पर बर्फ के बीच साहसिक गतिविधियों में भाग लेते पर्यटक।

## जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र में स्थिति लगातार तनावपूर्णः चेर्निचुक

**मास्को।** जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निदेशक यूरी चेर्निचुक ने कहा है कि संयंत्र की सुविधाओं और शहर पर युद्ध के प्रभाव के कारण वहां की स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। संयंत्र की प्रवक्ता एवगेनिया याशिना ने शुक्रवार को बताया था कि पिछले दो हफ्तों में जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र और एनरगोदर के पास के क्षेत्र में यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों की तीव्रता में काफी वृद्धि हुई है।रोसाटॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्सी लिखाचेव ने रविवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में संयंत्र क्षेत्र पर कोई हमला नहीं हुआ है, लेकिन स्टेशन के अनुषंगी शहर एनरगोदर पर हमले हुए हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की है आशंकाः मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'कोरिरे डेला सेरा' अखबार ने इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। सुमेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जाएंगी।

# अमेरिका ने अपने ही विमानों पर बमबारी कीः IRGC

### ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए मजबूर होना पड़ाः ईरानी वायु रक्षा कमान

**तेहरान/नई दिल्ली।** ईरान के वायु रक्षा कमान ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बचाव अभियान के दौरान अपने ही विमानों पर बमबारी कर दी। ईरान के एकीकृत वायु रक्षा कमान 'खातम अल-अंबिया मुख्यालय' के प्रवक्ता ने कहा कि जब ईरान के लड़ाकू विमानों ने घेराबंदी पूरी कर ली, तो ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए अपने ही गिराए गए विमानों, साजो-सामान, कमांडरों और सैनिकों पर भारी बमबारी करने को मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के कई विमानों को निशाना बनाया गया और उन्हें इस्फहान के दक्षिण में आपातकालीन लैंडिग करने पर मजबूर होना पड़ा। इनमें दो सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर शामिल थे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान में अमेरिका के इस अभियान को 'विफल' बताया गया और कहा गया कि इसके परिणाम को 'सिर्फ बयानबाजी, मीडिया युद्ध या मनोवैज्ञानिक अभियानों से ठीक नहीं किया जा सकता।' वहीं ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के 'शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' को निशाना बनाकर किए गए कथित 'बंकर-बस्टर' बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'बर्बरता' करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रम्प के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह (ट्रम्प) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है। आरिफ ने जोर देकर कहा कि इतिहास की कोई भी बर्बरता ईरानी लोगों से विज्ञान को छीनने में कभी सक्षम नहीं हुई है।

विज्ञान हमारी आत्माओं में रचा-बसा है और यह किला कभी नहीं ढहेगा। गौरतलब है कि सोमवार तड़के हुए इस हमले पर अमेरिका ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। शरीफ विश्वविद्यालय की तुलना अक्सर अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से की जाती है, क्योंकि ईरान में वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसरों की पहले भी हत्या की जा चुकी है, जिन पर देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप थे।



■ शरीफ विश्वविद्यालय पर हमला ट्रम्प की अज्ञानता का प्रतीकः मोहम्मद रजा आरिफ बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा की

## जापान ईरान के साथ सीधे संपर्कों का कर रहा है उपयोगः ताकाइची

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री सानाए तकाइची ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ सीधे संचार माध्यमों का उपयोग कर रहा है। सुताकाइची ने संसद में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि हमने आज तक विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखा है। फारस की खाड़ी में जापान से जुड़े जहाजों सहित कई जहाजों के फंसे होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, हम मांग करते हैं कि ईरानी पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य में सभी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इसके साथ इस सीधे माध्यम का उपयोग करते हुए, हम होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित उपायों की तलाश जारी रखेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जापानी जहाजों सहित सभी जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमीः ईरान

### सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया

**तेहरान/काहिरा।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष कई सालों तक चलता है, तब भी उसके पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं होगी। यह बात ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति पर संसदीय आयोग के सदस्य अलाएद्दीन बोरूजेर्दी ने रविवार को कही।

ईरानी संसद की एजेंसी 'खाने-ए-मल्लत' ने बोरूजेर्दी के हवाले से कहा कि अगर यह युद्ध महीनों या सालों तक भी चलता है, तब भी ईरान को मिसाइल और रणनीतिक भंडारों के मामले में कोई समस्या नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, जिससे यह साबित होता है कि उसकी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। वहीं मिस्र में ईरानी के राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फेरदोसीपुर ने कहा है कि ईरान के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि खाड़ी के देश इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर हुए हमलों में शामिल हैं। फेरदोसीपुर से जब पूछा गया कि क्या खाड़ी के देश ईरानी क्षेत्र पर हमलों में हिस्सा ले रहे है, तो उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। वहीं ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



■ अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था

## ईरान के बहरेस्तान में अमेरिका और इजरायल के हमले में 13 लोगों की मौत

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के बहरेस्तान में किए गए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजरायली सेना ने बहरेस्तान क्षेत्र के क़लेह मीर शहर में दो रिहायशी इमारतों पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि यह क्षेत्र तेहरान प्रांत का एक घनी आबादी वाला इलाका है। बहरेस्तान के गवर्नर ने बताया कि मलबे को हटाने और मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान में छह बच्चों की मौत

**मास्को।** ईरान के तेहरान प्रांत पर रात भर चले अमेरिकी और इजरायली हमलों में कम से कम छह बच्चों की मौत हो गई है। प्रेस टीवी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया है कि तेहरान के आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार चार बच्चियों और दो बच्चों की मौत हुई, जिनकी उम्र 10 साल से कम थी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किए थे , जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जानें गयीं। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है।

## मध्यस्थता कर रहे 45-दिनों के संभावित संघर्ष-विराम की शर्तों पर चर्चा

**मास्को।** अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ संघर्ष को सुलझाने के लिए बनाई गई दो-चरणों वाली योजना के पहले चरण के तौर पर 45 दिनों के संभावित युद्धविराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक्सियोस एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ट्रम्प प्रशासन ने हाल के दिनों में ईरान के सामने कई प्रस्ताव रखे थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने अभी तक उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक अगले 48 घंटों के भीतर दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते की संभावना कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इससे पहले सोशल मीडिया पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों को मंगलवार को नष्ट करने की धमकी दी है और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक दो-चरणों वाले समझौते पर फिलहाल चर्चा चल रही है। पहले चरण में 45 दिनों का युद्धविराम शामिल है, जिसके दौरान अंतिम शांति की शर्तों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि यदि पक्षों को बातचीत के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, तो इस युद्धविराम को बढ़ाया भी जा सकता है।

# ईरान पर अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रम्प शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर मैं ट्रम्प की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता। बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी डयूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं। डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया कि 25वां संशोधन किसी वजह से है। पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा कि राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, श्सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रम्प की पूर्व समर्थक मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रम्प के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, श्वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं। ट्रम्प के विरोधी और पूर्व कांग्रेसी जो वाल्श ने कहा कि उनकी ईस्टर की सुबह की पोस्ट। और सिर्फ 2 दिन पहले, उनके एक धार्मिक सलाहकार ने उनकी तुलना ईसा मसीह से की थी। वह हमेशा इस देश और दुनिया पर भी एक दाग रहेंगे। अभी 25वां संशोधन हो। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान में मंगलवार का दिन 'पावर प्लांट' और 'ब्रिज डे' के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा।

■ राष्ट्रपति के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की उठी मांग

# राजनाथ ने देश के चारों कोनों में सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी मेडिकल कोर के 262 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर चिकित्सा तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटरों की आधारशिला रखी तथा दिल्ली छावनी स्थित बेस अस्पताल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया।

रक्षा मंत्री ने सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता निर्माण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नई सुविधाएं सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगी। उन्होंने देश के चारों कोनों में सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के समान संस्थान स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने का सुझाव दिया, ताकि हर क्षेत्र के सैनिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए संस्थान बनाने के बजाय मौजूदा कमान और बेस अस्पतालों को उन्नत कर इस स्तर तक लाया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में 'सुरक्षा' का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब सैनिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सहायता का विश्वास होता है, तो वे बिना भय के अपने मिशन पूरे करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक मानकों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि जनस्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। चिकित्सा क्षेत्र को बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन करना होगा और समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की।

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की



## चीन ने रूसी नागरिकों के वास्ते वीजा-मुक्त व्यवस्था को बढ़ाया

**मास्को।** चीन ने रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। इजवेस्टिया अखबार ने रूसी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह खबर दी है। मंत्रालय ने अखबार को बताया कि हमारे साझेदारों ने हमें पहले ही सूचित कर दिया है कि वे रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक और साल के लिए बढ़ाने को तैयार हैं। हम आपसी यात्रा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तौर-तरीके तय करने हेतु उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यताः
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यताः
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचनाः प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्कः 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थानः चरथावल रोडः इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुज़फ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.